हरिभूमि
# रायपुर भूमि




बाइक चालक को टक्कर मारने के बाद पोल्ट्री वाहन पलट गया, लोग घायल को बचाने की बजाए मुर्गा लूटने टूट पड़े

# पोल्ट्री गाड़ी का एक्सीडेंट, घायलों को बचाने के बजाय मुर्गे लूटने की होड़

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लाभांडी, कृषि विश्वविद्यालय के पास पोल्ट्री गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया। उसमें दो लोग घायल हो गए। लेकिन मदद करने की बजाय लोग मुर्गियां लूटने में जुट गए। पोल्ट्री वाहन एक बाइक को ठोकर मारने के बाद पलट गया था। पोल्ट्री वाहन के ठोकर लगने से बाइक सवार बुरी तरह से चोटिल हो गया। आस-पास से गुजर रहे लोग घायल की मदद करने की बजाय मुर्गी लूटने टूट पड़े। मौके पर पहुंचकर तेलीबांधा पुलिस ने घायल की मदद की। घटना की अब ▶▶| शेष पेज 11 पर





### दस मिनट के अंदर मुर्गियां लूट लीं

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पोल्ट्री वाहन पलटने और उसमें रखी मुर्गियां सड़क में बिखर गईं। इसके बाद राह चलते लोग मार्ग में आ-जा रहे तेज रफ्तार गाड़ियों की परवाह नहीं करते हुए मुर्गियां लूटने टूट पड़े। लोग सड़क के एक छोर से दूसरे छोर डिवाइडर फांदकर ▶▶| शेष पेज 11 पर

### वाहन चालक लाचार होकर देखता रहा

पोल्ट्री वाहन पलटने के बाद मुर्गी लूटने जो भीड़ टूट पड़ी उसे रोकने वाहन चालक लाचार दिखा। विवश होकर ड्राइवर अपनी आंखों के सामने मुर्गी लूटते देखते रहा। पुलिस जब तक मौके पर पहुंची लोग मुर्गी लूटकर गायब हो चुके थे।



## खबर संक्षेप

### साथी की गला दबाकर हत्या, आजीवन कारावास

**रायपुर**। गंज थाना क्षेत्र के एक होटल में चार वर्ष पूर्व युवक की गला दबाकर हत्या कर आत्महत्या का रूप देने वाले आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश मधुसूदन चंद्राकर की कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक विजय यादव के अनुसार मध्यप्रदेश अनूपपुर निवासी जीतेंद्र विश्वकर्मा की हत्या के आरोप में कोर्ट ने मृतक के दोस्त अजय निषाद को कैद की सजा सुनाई है। पुलिस द्वारा कोर्ट में प्रस्तुत केस डायरी के अनुसार, अजय मृतक की मां के साथ मोबाइल पर घंटों बात करता था। इससे जीतेंद्र नाराज था। इस रंजिश के चलते अजय जीतेंद्र को धोखे से रायपुर के एक होटल में लाया और जीतेंद्र को शराब पिलाकर गला घोंटकर हत्या कर दी।

### दस हजार की शराब जब्त, धरा गया कोचिया

**रायपुर**। उरला थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक कोचिए को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दस हजार रुपए कीमत की सौ पौवा देशी शराब जब्त की है।



पुलिस के अनुसार मूलतः बेमेतरा निवासी गुढ़ियारी में किराए के मकान में निवासरत मनोज कुमार साहू को पुलिस ने शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

### मकान दिलाने का झांसा 22 लाख की ठगी

**रायपुर**। राजेंद्र नगर थाने की पुलिस ने प्रफुल्ल कुमार बंजारी तथा अन्य के शिकायत पर एक व्यक्ति के खिलाफ प्रधानमंत्री आवास दिलाने का झांसा देकर 20 लाख 80 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रफुल्ल तथा अन्य ने एम. जिल्लैया के खिलाफ ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। प्रफुल्ल तथा अन्य ने पुलिस को बताया कि एम. जिल्लैया ने उन्हें राजेंद्र नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान दिलाने का झांसा देकर वर्ष 2022 में पैसे लेकर ठगी का शिकार बनाया है।

### महिला समूह की आड़ में लोन लेकर लाखों की ठगी

**रायपुर**। तेलीबांधा में एक महिला ने एक अन्य महिला के खिलाफ महिला समूह की आड़ में 7 लाख 80 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरस्वती कुर्रे तथा अन्य महिलाओं ने लालिमा मैथ्यूज के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। सरस्वती ने पुलिस को बताया है कि लालिमा ने 60 से अधिक महिलाओं के नाम से लोन लेकर बैंक की किस्त जमा नहीं की। बैंक से नोटिस मिलने के बाद महिलाओं को लालिमा द्वारा महिला समूह की आड़ में ठगी करने की जानकारी मिली।

### वेल्डिंग वर्कशॉप में धावा 35 हजार का सामान पार

**रायपुर**। खम्हारडीह थाने में एक वेल्डिंग वर्कशॉप के संचालक ने अज्ञात चोर के खिलाफ नकदी 15 हजार रुपए सहित सात नग ग्राइंडर मशीन कुल 35 हजार रुपए चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कचना में वेल्डिंग वर्कशॉप संचालित करने वाले अशोक वर्मा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। अशोक ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर शुक्रवार-शनिवार दरमियानी रात वर्कशॉप तथा केबिन का दरवाजा तोड़ नकदी तथा ग्राइंडर मशीन चोरी कर ले गया।

100 हेक्टेयर में होनी थी चने की खेती, अफसरों ने पांच हेक्टेयर में बुवाई की

# 14 किसानों के बयान नहीं, जांच अधूरी बता लौटा दी चना घोटाले की फाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के अभनपुर ब्लॉक के गोबरा नवापारा तहसील क्षेत्र के ग्रामों में चना बीज वितरण घोटाला मामले में दोषी पाए गए अफसरों के कारण कृषि विभाग की किरकिरी होने लगी है। विभाग की छवि धूमिल होती देख अब इस घोटाले की जांच रिपोर्ट को ही अधूरा बता दिया गया है। विभाग के अफसर ने जांच रिपोर्ट में 100 किसानों में से 14 किसानों के बयान दर्ज नहीं होना बताकर इसे अधूरा मनकर जांच फाइल वापस भेज दी है, जबकि जांच रिपोर्ट में कमेटी ने स्पष्ट लिखा है कि इन गांवों में 100 हेक्टेयर चना बीज की फसल प्रदर्शनी के रूप में लगाई जानी थी, लेकिन भौतिक सत्यापन में महज 5.73 हेक्टेयर ▶▶| शेष पेज 11 पर

हरिभूमि फॉलोअप

### दो माह फाइल डंप रही, उजागर होने के बाद अधूरी जांच बताकर लौटा दी

चना बीज घोटाला की जांच की फाइल जिला कृषि विभाग को अप्रैल में सौंप दी गई थी। इस मामले की जांच अभनपुर राजस्व विभाग द्वारा कमेटी बनाकर कराई गई थी। इस जांच रिपोर्ट के मिलने के बाद भी विभाग ने फाइल को दो माह तक डंप कर रखा था। सामान्य सभा में मामला उठने के बाद विभाग ने जांच फाइल को अधूरी बताकर उसे वापस अभनपुर राजस्व विभाग को भेज दिया है। इसकी पुष्टि विभाग के अधिकारी आर. कश्यप ने की है।


कागजों में बो दिया चना...
20 हेक्टेयर फसल के लिए बांटा गया, शेष कागजों में चढ़ाकर बाजार में बेच देने का आरोप
सौ किसानों को देना था बीज-कीटनाशक, 20 को दिया फोटो खिंचाकर रकम हजम, जांच में अफसर दोषी पाए

### अध्यक्ष ने मंगाई जांच रिपोर्ट, उपाध्यक्ष ने मुख्यालय में की शिकायत

किसानों को निःशुल्क बांटे जाने वाले चना बीज के घोटाले की गंभीरता को देखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने जिला कृषि विभाग से एसडीएम अभनपुर द्वारा सौंपी गई जांच रिपोर्ट की कॉपी मंगाई है, ताकि जांच रिपोर्ट का परीक्षण कर दोषी पाए गए अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने संबंधित अनुशंसा प्रस्ताव प्रशासन, शासन से कर सकें। जिला पंचायत के उपाध्यक्ष संदीप यद्दु भी इस मामले में कृषि विभाग के संयुक्त संचालक कपिल देव दीपक से मुख्यालय में मुलाकात कर चुके हैं। उन्होंने इस मामले में उन्हें ज्ञापन सौंप कर दोनों दोषी अधिकारियों के विरुद्ध जल्द कार्रवाई करने की मांग की है।

### जिपं की सामान्य सभा में उठने के बाद मामले ने पकड़ा तूल

जून में जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक में ग्राम भुरका-तोरला एवं ग्राम टीला-चंपारण के ग्रामों में चना बीज वितरण में 10 लाख से ज्यादा का घोटाला किए जाने का मुद्दा उठा था। अभनपुर क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य यशवंत चंद्राकर ने यह मामला उठाते हुए दोषी अफसरों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। बैठक में जानकारी दी गई थी कि अभनपुर तहसील स्तर पर इस घोटाले की जांच हो चुकी है, जिसमें 100 हेक्टेयर चना बीज की फसल की जगह मात्रा 5.73 हेक्टेयर बीज का वितरण किए जाने का उल्लेख है। इस जांच रिपोर्ट में कृषि विस्तार अधिकारी मिथिलेश कुमार साहू एवं विनय कुमार सिंह को दोषी भी पाया गया है। इसके बाद भी इन अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं कर जांच फाइल को विभाग ने दबाकर रखा है।

### *कार्रवाई करने की मांग*

*चना बीज घोटाला में दोनों अफसर दोषी पाए गए हैं। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं किया जाना कहीं न कहीं विभाग के अधिकारी भी संदेह के दायरे में आते हैं। इस मामले में संयुक्त संचालक कृषि विभाग को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।*

*- संदीप यद्दु, उपाध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर*

### *जांच रिपोर्ट देखकर बता पाऊंगा*

*इस मामले में कृषि विभाग से जांच रिपोर्ट मंगाई गई है। इसे देखकर बता पाऊंगा। जांच रिपोर्ट में अगर अफसर दोषी पाए गए हैं, तो इसकी विभागीय जांच कर कार्रवाई की जानी चाहिए।*

*- नवीन अग्रवाल, अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर*

### *14 किसानों के बयान नहीं, दोबारा जांच के लिए भेजी फाइल*

*जांच रिपोर्ट में 14 किसानों के बयान दर्ज नहीं हैं। रिपोर्ट में फसल नहीं लगने का उल्लेख है, लेकिन कितने किसानों को बीज मिला, कितनों को नहीं मिला, इसका उल्लेख नहीं है, इसलिए दोबारा जांच के लिए फाइल वापस भेज दी है।*

*- आर. कश्यप जिला अधिकारी, कृषि विभाग*

## मध्य हिस्से में भारी बारिश नहीं, पर खेती-किसानी के लिए संतोषजनक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आसमान में छाए बादल शनिवार को भी दिनभर राजधानी में रुक-रुककर बूंदाबांदी के रूप में बरसते रहे। मौसम के साथ कृषि विज्ञान से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि भले ही मध्य हिस्से में भारी बारिश नहीं हुई है, मगर इसकी धीमी गति खेती-किसानी के लिए लाभदायक है। सक्ती, जांजगीर, रायगढ़ में हुई अतिभारी वर्षा की वजह से वहां खेतों में पानी भरने की शिकायत आने लगी है।

■ शहर में चलता रहा बूंदाबांदी का दौर

मानसून द्रोणिका की अभी सामान्य स्थिति होने की वजह से प्रदेश में भारी बारिश की गतिविधि बनी हुई है। खासकर सरगुजा संभाग में इस बार वर्षा शुरू से मेहरबान है और वहां पर्याप्त मात्रा में वर्षा हो रही है। पिछले कई साल से सरगुजा संभाग पिछड़ा रहता था और मानसून के अंतिम दिनों में कोटा पूरा होता था, मगर इस बार वहां स्थिति काफी अच्छी बन चुकी है। बस्तर में भी भौगोलिक स्थिति के कारण पर्याप्त मात्रा में बारिश हो चुकी है, मगर मध्य हिस्से को अभी भी झमाझम पानी बरसने का इंतजार है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में भी हल्की से मध्यम वर्षा का दौर जारी रहेगा।

## महावीर नगर में पाइप लाइन फूटी, बह गया लाखों लीटर पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के रिंग रोड नंबर 1 माइनिंग आफिस के सामने महावीर नगर चौक के पास पानी की मुख्य पाइप लाइन फट गई। पाइप लाइन फटने से तेज दबाव के साथ फौवारा की तरह सड़क पर लाखों लीटर पीने का शुद्ध पानी बह गया। इसके कारण शनिवार शाम सड्डू, मोवा, अवंतिविहार, मंडी, आमासिवनी कचना सहित 8 पानी टंकियों से लोगों को पीने का पानी नहीं मिला। लोगों ने इसकी खबर निगम अमले को दी। इसके बाद मौके पर पहुंचकर जल विभाग की टीम ने पाइप लाइन मरम्मत कार्य शुरू कराया। 6 घंटे की मशक्कत के बाद डेमेज पाइप लाइन को सुधार लिया गया है। रविवार की सुबह प्रभावित सभी 8 पानी टंकियों के माध्यम से संबंधित क्षेत्रों में जल आपूर्ति प्रारंभ हो जाएगी।

## कार स्टंट, आधा दर्जन वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई

कार में नीली बत्ती लगाकर बना रहा था रील



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर में ओवर स्पीड के कारण आए दिन हो रहे एक्सीडेंट के बाद भी मनचले लड़के नहीं चेत रहे। चेतावनी, समझाइश के बाद भी दोपहिया के साथ चार पहिया वाहन चलाने वाले लड़के जिनमें नाबालिग भी शामिल हैं, कार तथा बाइक से स्टंट कर रहे हैं। पिछले दिनों नवा रायपुर में एक साथ छह कारें आपस में एक दूसरे के साथ रेस करने के साथ स्टंट कर रही थीं। उन गाड़ियों की पहचान कर ट्रैफिक पुलिस ने 37 हजार छह सौ ▶▶| शेष पेज 11 पर

### स्टंट में शामिल हैं ये वाहन

- कार सीजी 04 क्यूएफ 5670 चालक पराग दलदल सिवनी मोवा
- कार एचआर 26 सीपी 8962 चालक कबीर खान अमन नगर मोवा
- कार सीजी 04 एनएल 5895 चालक मोहित दलदल सिवनी मोवा

▶▶| शेष पेज 11 पर

## एक दिन की मोहलत बढ़कर एक महीने हुई न झूले हटाए, न अफसरों ने झांककर देखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा तालाब से लगे मैथिलीशरण गुप्त गार्डन वाली जमीन पर निजी कंपनी द्वारा लगाये गये भारी भरकम झूले 24 घंटे बाद भी नहीं हटाये गये। महापौर मीनल चौबे ने निगम के अफसरों को 24 घंटे के अंदर झूले हटवाने निर्देश दिये थे और इसकी समय सीमा तय की थी। इसके बाद भी औचक निरीक्षण के दूसरे दिन झूले हटाने वाले न आए और न ही निगम के विभागीय अधिकारी झांकने आए। खबर है कि अब झूले हटाने के लिए एक महीने की मोहलत दे दी गई है। गार्डन की जमीन पर बड़े बड़े झूले देखकर शुक्रवार को महापौर नाराज हुई थीं और अफसरों सहित कंपनी के प्रतिनिधियों को हिदायत दी थी कि गार्डन की जमीन को पहले जैसा करके दें।

हरिभूमि फॉलोअप

तेलीबांधा के मैथिलीशरण गार्डन का हाल



### रीक्रियेशन जोन विकसित करने निगम ने किया था अनुबंध

नगर निगम ने तेलीबांधा तालाब को पीपीपी मोड पर रीक्रियेशन जोन के रूप में विकसित करने ईसीएचटी कंपनी अहमदाबाद के साथ अनुबंध किया है। इसके तहत फूड जोन, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की दांडी यात्रा पर आधारित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को समर्पित फ्रीडम फाइटर वॉल, योग करने वालों के लिए अलग से योगा जोन बनाए गये हैं।

### गार्डन में एंट्री का कोई शुल्क नहीं

कंपनी के प्रतिनिधि का कहना है कि तेलीबांधा तालाब परिसर स्थित मैथिलीशरण गुप्त गार्डन में प्रवेश के लिए कोई शुल्क नहीं रखा गया है। यहां शहरवासी निःशुल्क परिवार के साथ आ जा सकते हैं। केवल झूले, एडवेंचर जोन सहित मनोरंजन के अन्य प्रयोजन वाले उपकरणों का उपयोग करने पर निर्धारित शुल्क तय है। तेलीबांधा के पाथवे सहित गार्डन एरिया में पहले की तरह राजधानी वासी सुबह-शाम निःशुल्क प्राकृतिक नजारों का आनंद उठा सकते हैं।

दोनों सड़कों को वित्तीय वर्ष में शामिल किया गया

संतोषी नगर से संजय नगर, भाठागांव से काठाडीह में बनेंगी सड़कें

# संतोषीनगर, संजयनगर, भाठागांव के कष्ट कम करेगा केनाल रोड, ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में ट्रैफिक समस्या से हर व्यक्ति परेशान है। इस समस्या के कारण संतोषीनगर से संजय नगर और भाठागांव से काठाडीह मार्ग से गुजरने वाले लाखों लोगों को भी हर दिन परेशान होना पड़ता है, लेकिन यह समस्या आने वाले कुछ वर्षों में खत्म हो जाएगी, क्योंकि संतोषी नगर से संजय नगर और भाठागांव से काठाडीह मार्ग पर केनाड रोड के रूप में नई सड़कों का निर्माण होना है। इन दोनों सड़क को वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल किया गया है।

खास खबर



### बस स्टैंड के कारण बढ़ी ट्रैफिक समस्या

भाठागांव रिंग रोड के पास अंतर्राज्यीय बस स्टैंड बनने के बाद से रिंग रोड, सर्विस रोड से लेकर संतोषीनगर, संजय नगर, भाठागांव चौक सहित आसपास के अन्य मार्गों पर ट्रैफिक की समस्या तीन से चार गुना बढ़ गई है। इसके कारण इन सभी मार्गों पर गाड़ियों का दबाव भी बढ़ा है। दोनों नई केनाल सड़क बनने के बाद रिंग रोड, सर्विस रोड पर आवागमन कम होगा।

### भाठागांव-काठाडीह में 3 किलोमीटर लंबी केनाल सड़क बनेगी

तीसरे चरण में भाठागांव से काठाडीह मोड़ तक 3 किलोमीटर लंबी केनाल सड़क बनाई जाएगी। भाठागांव से काठाडीह मार्ग के बीच तक कई कालोनियां बन चुकी हैं। इसके अलावा इस मार्ग से काठाडीह के आगे बसे कई गांव के लोग भी हर दिन आवागमन करते हैं, जिसके कारण इस मार्ग पर हर दिन ट्रैफिक की समस्या बनी रहती है। इस कारण से इस क्षेत्र के लोगों द्वारा नई सड़क की लगातार मांग भी की जा रही थी।

### नहर के ऊपर 7 किमी. लंबी बनेगी केनाल रोड

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार पहले चरण में संतोषी नगर से संजय नगर तक नहर के ऊपर सात किलोमीटर लंबी केनाल रोड बनाई जाएगी। यह पूरी सड़क यहां पहले से निर्मित नहर के ऊपर प्रस्तावित है, इसलिए इसके लिए ज्यादा भूमि की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। हालांकि इस नहर के दोनों तरफ अवैध रूप से कई कच्चे-पक्के घर एवं झोपड़ियां बनी हुई हैं। निर्माण कार्य शुरू होने से पहले इन परिवारों को यहां से हटाने की कार्रवाई की जा सकती है। इन परिवारों को बीएसयूपी योजना के तहत कहीं अन्य स्थानों पर विस्थापित किया जा सकता है।

## मेडिकल छात्रा को शराब ऑफर करने वाले एचओडी पर यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मेडिकल की पीजी छात्रा को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप में शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर के कम्यूनिटी मेडिसिन के एचओडी डॉ. आशीष सिन्हा के खिलाफ पुलिस ने यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया है। डॉ. सिन्हा पर छात्रा को सार्वजनिक कार्यक्रम में शराब का ऑफर करने और लगातार धमकी देने का आरोप है। शिकायत के आधार पर उन्हें कुछ समय शैक्षणिक गतिविधियों से अलग किया गया था।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411


ANANTRA MART™
A UNIT OF TIWARI BUILDCON & MAJISHA TRADERS
7%* TO 70%* OFF
ON MRP EVERYDAY
सब के लिए सब कुछ
अनंतरा मार्ट का दुबई ऑफर फिर से 2.0
₹1799* में कूपन पाओ और दुबई जाओ
यह स्कीम 16 अप्रैल 2025 से 15 नवम्बर 2025 तक
20 कुपन पर कुकर 2 लीटर
50 कुपन पर इंडेक्शन
75 कुपन पर मिक्चर ग्राईडर + 2 जार
100 कुपन पर ट्राली बैग 3 पीस सेट
200 कुपन पर कान्हा किसली 5 स्टार पैकेज
400 कुपन पर गोवा 3 नाईट
700 कुपन पर दुबई 3 नाईट
Come & Discover Something New & Exciting Offers With Us
Offer Valid Till 06th July to 14th July 25 for Limited Stock*
MONSOON MAHABACHAT Offer
BUY 1 GET 1 FREE भारतीय मिठाई, नमकीन, बिस्कुट एवं कुकीज
SUGAR MRP ₹60 OUR PRICE ₹43
TOOR DAL REGULAR MRP ₹160 OUR PRICE ₹99
KAJU 500G MRP ₹560 OUR PRICE ₹419
BASMATI RICE MRP ₹110 OUR PRICE ₹71
SUNDER SAKHI AATA 5KG MRP ₹260 OUR PRICE ₹175
SOOPRLIFE REFIND SUNFLOWER OIL 1L MRP ₹168 OUR PRICE ₹129
SOOPRLIFE REFIND SUNFLOWER OIL 13KG MRP ₹2520 OUR PRICE ₹1999
SURF EXCEL EASY WASH POWDER 7 KG MRP ₹1030 OUR PRICE ₹679
CLOSEUP TRIPLE FRESH TOOTH PEST 150GM+2 MRP ₹240 OUR PRICE ₹169
ODONIL NEEM AIRFRESH ENER 4 PACK 192GM MRP ₹220 OUR PRICE ₹110
FIAMA CELEBRATION PACK OF 3GEL BAR MRP ₹210 OUR PRICE ₹151
NANDADIP LAMP OIL 900ML MRP ₹240 OUR PRICE ₹120
DOCTOR BLACK CACTUS SUPER PHENOL 450ML MRP ₹85 BUY 2 GET 1 FREE
THUMS UP/FENTA/ SPRITE 2LTR MRP ₹100 OUR PRICE ₹69
RED BULL MRP ₹125 OUR PRICE ₹95
PIGEON HOT KETTLE 1.5 LTR MRP ₹1045 OUR PRICE ₹479
EVEREST MASALE UP TO 20%* OFF
DOMES STATIONERY DOMS SHARP MINDS UP TO 25%* OFF
DOOR MAT STARTING @ ₹25
PIGEON PRIME INDUCTION COOKTOP 1800 WT MRP ₹3195 OUR PRICE ₹1049
KURTIES MIX ₹300 ME 3PCS
LYCRA PENTS OUR PRICE ₹129
जगह एवं फेन्चाइजी की आवश्यकता है छत्तीसगढ़ में संपर्क करें :- 799 2799 220
Customer Care : 7992 7992 20
गोल्डन टावर, बोरिया खुर्द, रायपुर, मो. 7880008071
जौहरी हॉस्पिटल, ग्राउंड फ्लोर, भाटागांव, रायपुर, मो. 7880008072
शैलेन्द्र नगर, कटोरा तालाब रोड, रायपुर, मो. 7880008073
लितिषा बिज़नस पार्क, रायपुर रोड, बेमेतरा, मो. 9689968941
FREE HOME DELIVERY
*नियम एवं शर्तें लागू : सभी ऑफर्स सुचना के बिना बदलाव के अधीन हैं| ऑफर सस्टॉक रहने तक | दिखाये गये प्रोडक्ट्स के ग्राफ़िक्स केवल सांकेतिक मात्र हैं | ऑफर स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं | सभी मतभेद केवल रायपुर अदालत के अधिकार क्षेत्र के अधीन हैं |
सभी क्रेडिट, डेबिट कार्ड, एवं युपीआई से भुगतान स्वीकार किये जाते हैं |

## खबर संक्षेप

### कनिका का प्रयास विद्यालय में चयन



**आरंग।** शांति बाई नामदेव शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल लोधी पारा आरंग कक्षा आठवीं उत्तीर्ण छात्रा कनिका सोनकर का सत्र 2025-26 प्रयास आवासीय विद्यालय बिलासपुर कक्षा नवमी के लिए चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर शाला परिवार प्रधान पाठक उत्तम गेंड्रे, कामिनी शर्मा, प्रतीक शर्मा, आभा घाटगें, प्रेमनारायण साहू, रुक्मणि साहू, जसप्रीत कौर एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष एवं सदस्यों ने बधाई दी है।

### कुर्मी समाज तिल्दा राज की बैठक आज होगी

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज का प्रकरण बैठक आज 6 जुलाई को। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज का प्रकरण बैठक रविवार 6 जुलाई को सुबह 10 बजे से कुर्मी छात्रावास नेवरा में तिल्दा राज प्रधान ठाकुर राम वर्मा की अध्यक्षता में आहूत की गई है। जिसमें समाज के सभी पदाधिकारीगण, सामाजिक लोग सादर आमंत्रित किए गए है। उक्त बैठक में सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। साथ ही महत्वपूर्ण विषयों पर भी आवश्यक चर्चा की जाएगी।

---

राहत : ग्रामीणों को मिली तो गांवों में बिखरी खुशियां

# सिलयारी रेलवे साइडिंग का जानलेवा कार्य 19 साल बाद सांसद के दखल पर रुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

रायपुर के धरसींवा ब्लॉक स्थित सिलयारी में करीब 19 साल से ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो रही रेलवे की गुड्स साइडिंग का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया था।

- **अवैध संचालन का लंबा इतिहास और जनआंदोलन की जीत**

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) और पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा अवैध घोषित कर बंद की गई। इस साइडिंग को दोबारा शुरू करने के प्रयासों ने स्थानीय ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश पैदा कर दिया था। हालांकि, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के तत्काल हस्तक्षेप से इसका काम रुक गया है, जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई है। सिलयारी में यह गुड्स साइडिंग रेलवे द्वारा 2006 में शुरू की गई थी। शासकीय स्कूल, शासकीय अस्पताल और रेलवे फाटक के बिल्कुल करीब होने के कारण इसकी स्थिति शुरू से ही विवादास्पद थी। कोयला कारोबारियों और खाद कंपनियों द्वारा इसके संचालन ने ग्रामीणों व स्कूली बच्चों के जीवन को लगातार खतरे में डाला। इसी खतरे को देखते हुए ग्रामीणों और छात्रों ने इसे बंद कराने के लिए एक बड़ा जनांदोलन छेड़ा था। सामाजिक कार्यकर्ता लालचंद अग्रवाल ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया और इसकी शिकायत एनजीटी से भी की। मई 2025 में, एनजीटी और पर्यावरण संरक्षण मंडल ने इसे अवैध घोषित करते हुए तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश दिया।





### पुनः संचालन के प्रयास और ग्रामीणों का दृढ़ संकल्प



हाल ही में, सिलयारी रेलवे स्टेशन की इसी गुड्स साइडिंग को फिर से चालू करने की खबरों ने ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश पैदा कर दिया था। ग्रामीण किसी भी हाल में इस साइडिंग को दोबारा चालू नहीं होने देना चाहते थे और इसके खिलाफ लगातार बैठकें कर एकजुट हो रहे थे। उनका मानना था कि यह उनके बच्चों के भविष्य और गांव की शांति के लिए सीधा खतरा है। ग्रामीणों ने साफ कहा था कि वे किसी भी सूरत में इस जानलेवा साइडिंग को दोबारा शुरू नहीं होने देंगे और इसके लिए हर तरह के आंदोलन को तैयार हैं।

### सांसद बृजमोहन अग्रवाल के हस्तक्षेप से रुका काम

जिला पंचायत सदस्य सरोज चंद्रवंशी ने बताया कि उन्होंने पूर्व विधायक श्री देवजी पटेल के नेतृत्व में जनपद सदस्य भरत प्रीति सोनी, भरत सोनी (पूर्व मंडल अध्यक्ष) और अन्य ग्रामीणों के साथ शुक्रवार को रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात की। ग्रामीणों ने सांसद के समक्ष सिलयारी रेलवे साइडिंग के कारण होने वाली संभावित समस्याओं को विस्तार से बताया, जिसमें स्कूल, अस्पताल और गांव की समग्र व्यवस्था पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों और रेक पॉइंट से भारी वाहनों के आवागमन के कारण दुर्घटनाओं की बढ़ती आशंका पर विशेष चिंता व्यक्त की गई। श्रीमती चंद्रवंशी ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल के इस त्वरित और प्रभावी कदम की सराहना की। उनका कहना है कि सांसद जी हमेशा अपने क्षेत्र के प्रति गंभीर रहते हैं।

### लोगों की जान का बना हुआ है खतरा

सरोज चंद्रवंशी सभापति, जिला पंचायत रायपुर ने कहा की सिलयारी की गुड रेलवे साइडिंग का संचालन ग्राम के हित में नहीं है। स्कूल, अस्पताल सहित बाजार में आने-जाने वाले लोगों की जान का खतरा बना हुआ है। इस कारण हम ग्रामवासियों ने सांसद से गुहार लगाई है। अगर यह शुरू हुई तो निश्चित रूप से उग्र आंदोलन होगा।

### ग्रामीणों के साथ हूं

रुक्मणी साहू (सरपंच, सिलयारी) ने भी दृढ़ता से कहा की ग्रामीणों की हर समस्या में मैं खड़ी हूं। अगर ग्रामीण नहीं चाहते कि रेलवे साइडिंग शुरू हो, तो मैं हर पल ग्रामीणों के साथ हूं।

---

# कार-बाइक की भिड़ंत में दो की हालत गंभीर, इलाज जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

विधानसभा से सिलयारी तक बनी सड़क पर दुर्घटना रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बेलगाम वाहनों के वजह से सड़कें खून से लाल हो रही है। शनिवार की सुबह नेऊरडीह गांव के पास एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल सवार को जोरदार ठोकर मार दी ठोकर लगते ही मोटरसाइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिसे एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि घटना सुबह 8 बजे कि है। विधानसभा से सिलयारी की तरफ जा रही कार क्रमांक सीजी 04 एलटी 4879 ने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 डीपी 2240 को नेऊरडीह मोड़ में ठोकर मार दी मोटरसाइकिल में दो लोग सवार थे जो एक ठेकेदार के अंदर में काम करते थे। वही कार को महिला चला रही थी। आसपास के लोगों ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार एक बड़े डब्बे की जरकिन में डीजल लेकर जा रहे थे।

### गुमटियों को हटाने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नेऊरडीह के सरपंच पार्वती बंजारे उप सरपंच रंजीत बंजारे सरपंच प्रतिनिधि वीके बंजारे सहित पंच ने बढ़ती सड़क दुर्घटना को लेकर कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार को हस्ताक्षर अभियान चलाकर रोड किनारे संचालित होटल व गुमटी को हटाने के लिए ज्ञापन सौंपा है। सरपंच पार्वती बंजारे ने बताया कि सड़क किनारे होटल व गुमटीयां संचालित होने से नेऊरडीह गांव के पास आए दिन एक्सीडेंट हो रही हैं। जिसका कारण यह है कि सड़क किनारे होटल व गुमटियों का संचालित होना है। अनजान व्यक्ति जैसे ही सड़क पार करने के लिए सड़क पर पहुंचते हैं तो सड़क किनारे लगे अवैध ठेला के वजह से सामने आ रहे हैं वाहन दिखाई नहीं पड़ते हैं जिससे लोग हादसा का शिकार हो रहे हैं।

---

## पेज 09 के शेष ...

### पोल्ट्री गाड़ी का ....

तक थाने में किसी ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस के मुताबिक सुबह 11 से 12 के बीच आरंग से रायपुर की तरफ आ रहे पोल्ट्री वाहन ने बाइक को पीछे से ठोकर मार दी। पोल्ट्री वाहन के टक्कर से बाइक सवार गिर गया और उसके सिर तथा शरीर के अन्य भागों में गंभीर चोटें आई। पोल्ट्री वाहन के पलटने से जाली टूट गई और अंदर रखी ज्यादातर मुर्गियां मर गई और सड़क के एक बड़े हिस्से में बिखर गई।

### दस मिनट के ....

मुर्गी लूटने कूदते-फांदते पहुंचते दिखे। इस दौरान गंभीर रूप से घायल बाइक चालक लोगों से मदद की गुहार लगाते रहा। लोग घायल की मदद करने की बजाय ज्यादा से ज्यादा मुर्गी लूटने व्यस्त दिखे। इसके साथ ही कुछ लोग इस नजारे को कैमरे में कैद करते दिखे।

### 14 किसानों के ....

में ही फसल लगी पाई गयी। शेष 94.27 हेक्टेयर में फसल ही नहीं मिली। इस जांच में इस क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी मिथिलेश कुमार साहू एवं विनय कुमार सिंह पर आरोप लगा है कि उनके द्वारा 50-50 हेक्टेयर में चना बीज के स्थान पर 6 प्रतिशत से भी कम बीज किसानों को बांटा गया है।

### कार स्टंट, आधा ....

जुर्माना राशि वसूल की है। कार से स्टंट करने वाले सभी लड़के नाबालिग थे। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार नाबालिग लड़के ने कार में स्टंट करते हुए एक कार में लाल-नीली बत्ती तथा पदनाम पट्टिका का उपयोग कर रील बनाकर सोशल मीडिया में पोस्ट किया था। शेष अन्य पांच अलग-अलग कार में नाबालिग रूफटाप एवं बोनट में बैठकर स्टंट करने के साथ मस्ती कर रहे थे। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने गंभीरता से लेते हुए कार चालक तथा मालिकों की पहचान कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने नंबर के आधार पर कार मालिकों की पहचान कर कार्रवाई की।

### स्टंट में शामिल ....

0 कार एमपी 04सीक्यू 0270 चालक आरीज खान छोटापारा रायपुर 0 कार सीज 04 क्यूए 2145 चालक आर्यन दलदल सिवनी मोवा 0 कार डब्लूबी 02 एई 7720 चालक केतन ऋषि देवेन्द्र नगर रायपुर

---

# दोंदेखुर्द में शराब दुकान नहीं खुलेगी : विधायक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा/ सिलयारी

- **ऐलान से ग्रामीणों व नारी शक्ति में हर्ष**

धरसींवा ब्लॉक के ग्राम दोंदे खुर्द में प्रस्तावित देशी शराब दुकान के खिलाफ ग्रामीणों का लंबा संघर्ष रंग लाया है। शनिवार को संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के मंच से क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा ने स्पष्ट घोषणा की कि उनके रहते ग्राम दोंदे खुर्द और दोंदे कला में कभी शराब दुकान नहीं खुलने दी जाएगी। विधायक के इस ऐलान से ग्रामीणों और खासकर नारी शक्ति में हर्ष व्याप्त है, जो पिछले कई दिनों से दुकान के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। ग्राम दोंदे खुर्द में शासन-प्रशासन के आदेश पर, सरपंच के संरक्षण और उनकी स्वयं की जमीन पर कंपोजिट देशी शराब दुकान के संचालन का आदेश जारी हुआ था। इस आदेश के दिनांक से ही ग्रामीण बड़ी संख्या में निष्पक्ष संघर्ष समिति बनाकर विरोध दर्ज करा रहे थे। विरोध प्रदर्शन के तौर पर ग्रामीणों ने 2 दिवसीय मशाल रैली निकाली, फिर सर्वसम्मति से ग्राम सभा में शराब दुकान खुलने के विरोध में प्रस्ताव पारित कराया। उन्होंने एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा था। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा से भी गांव में शराब दुकान नहीं खुलने देने का निवेदन किया था, जिस पर संज्ञान लेते हुए विधायक जी ने आबकारी उपायुक्त को पत्र लिखकर दोंदे खुर्द में शराब दुकान नहीं खोलने का आग्रह किया था। इस संघर्ष के दौरान आसपास की महिलाओं ने बड़ी संख्या में विधायक अनुज शर्मा से मुलाकात कर गुहार लगाई थी कि ग्राम दोंदे खुर्द और आसपास के गांवों में शराब दुकान न खोली जाए। माननीय विधायक जी ने समर्थन करते हुए 5 सदस्यीय टीम के साथ मुख्यमंत्री से मिलकर ग्राम दोंदे खुर्द की बात करने का भी आश्वासन दिया था। गांव के लोग राजधानी रायपुर पहुंचकर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के नीचे बैठकर धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंप चुके थे।

विधायक के इस घोषणा से ग्राम दोंदे खुर्द और आसपास के ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई है। संघर्ष समिति ग्राम दोंदे खुर्द के सदस्यों ने इस मामले में विधायक का आभार व्यक्त किया है। हालांकि, उन्होंने यह भी निर्णय लिया है कि जब तक शासन स्तर पर इसके निरस्तीकरण का आदेश जारी नहीं हो जाता, तब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।



### विधायक का ऐलान और नारी शक्ति को नमन

दोंदे कला के शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के मंच से विधायक अनुज शर्मा ने घोषणा करते हुए कहा कि उनके रहते दोंदे खुर्द और दोंदे कला में कभी शराब दुकान नहीं खुलेगी। साथ ही विधायक ने लगातार संघर्ष कर रही दोंदे खुर्द की नारी शक्ति को प्रणाम किया, जिन्होंने शराब जैसी सामाजिक बुराई का पुरजोर विरोध किया है।

---

### शपथ पत्र

मैं शपथकर्ता फैमिदा कुरैशी पति कमरूद्दीन, निवासी जीवन प्लाजा के पास 30/384, तरूण नगर, काली माता वार्ड, पंडरी, रायपुर (छ.ग.) की निवासी हूँ तथा नीचे लिखे अनुसार शपथ करती हूँ कि

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि मेरा आधार नं. 6208 7698 4207 है, जिसमें मेरा नाम / स्पेलिंग फैमिदा (PHAIMIDA ) दर्ज है, जो कि त्रुटिवश गलत दर्ज है।
3. यह कि, मेरा सही नाम / स्पेलिंग फैमिदा कुरैशी (FAMIDA QURAISHI) है, जो कि सत्य एवं सही है। यह नाम मेरे पंजाब नेशनल बैंक के खाते में दर्ज है।
4. यह कि उक्त आधार कार्ड में दर्ज मेरा गलत नाम / स्पेलिंग -फैमिदा (PHAIMIDA) को सुधारकर मेरा सही नाम / स्पेलिंग - फैमिदा कुरैशी (FAMIDA QURAISHI) दर्ज किया जावें, एवं मुझे यही नाम से जाना व पहचाना जावें एवं मेरे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा यही सही नाम दर्ज किया जावें।
5. यह कि उपरोक्त कथनों के समर्थन में यह शपथपत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ता, यह सत्यापित करता हूं कि उपरोक्त शपथपत्र की कंडिका क्रमांक 1 से 5 तक में सभी तथ्य सही एवं सत्य है। अतः मैंने आज दिनांक को स्वयं के हस्ताक्षर कर स्थान रायपुर से सत्यापित कर दिया।

शपथकर्ता

दिनांक 27/06/2025

### Name change

I, Arun Kumar Sahu alias Arun Kumar, S/o Hare Krishna Sahu, residing at Mangal Bhavan Ke Piche, Padum Nagar, Ward No. 18, Bhilai-3, Bhilai Charoda, District Durg, Chhattisgarh - 490021, do hereby declare that I have changed my name from Arun Kumar Sahu alias Arun Kumar to Arun Sahu.

Henceforth, I shall be known and identified as Arun Sahu for all official, legal, and future purposes.

All concerned persons are requested to take note.

**Deponent**
**Arun Kumar Sahu alias Arun Kumar**

### :: आम सूचना ::

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार दीपक कुमार साहू पिता स्व. गणेश राम साहू निवासी दुर्गा पारा संतोषी नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. वाले ने श्रीमति सृष्टि पैठणकर पति संजय पैठणकर निवासी चौबे कालोनी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा डोमा प.ह.नं. 84 रा.नि.मं. रायपुर-18- कांदुल तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित जिसका खसरा नंबर 196/69 रकबा 0.0140 हे. याने 1500 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का सौदा तय कर विक्रेता को बयाना राशि प्रदान कर दी है उक्त भूमि का बैनामा पंजीयन किया जाना शेष है। उपरोक्त भूमि के क्रय विक्रय से किसी भी व्यक्ति संस्था निकाय निगम बैंक को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के दस दिवस के भीतर मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी दावा आपत्ति दर्ज करावे । म्याद बाद की गई दावा आपत्ति शून्य मानी जावेगी व मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि का बैनामा पंजीयन निष्पादन अपने पक्ष में कराने स्वतंत्र रहेगा । सो सूचना जाने ।

भवदीय
**पी. एल. साहू अधिवक्ता**
**निवास एवं कार्यालय का पता भैरव नगर (तामेश्वर किराना स्टोर के पास) मठपुरैना रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.**
**मो.नं. 7999082535, 9300892039**

### :: आम सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा / क्रेता श्रीमती मिनाक्षी पटेल पति श्री दिनेश कुमार पटेल (मो. 7000488173/ 5) पता- 108 पी. एस.सिटी, ढेलाबाई छात्रावास मार्ग चंगोराभाठा, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. ने विक्रेता तजिन्दर कौर पति श्री ओंकार सिंग तुली (मो. 9425557871) निवासी- एम.आई.जी. 47 पद्मनाभपुर पी.सी.सी. मिनी स्टेडियम के पास दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के हक, स्वामित्व, एवं अधिपत्य की वाणिज्यिक प्रयोजन परिवर्तित भूमि जिसका खसरा नम्बर 1421/40 रकबा 0.0544 हे. अर्थात 5866 वर्गफूट मौजा रायपुर खास पहनं. 62, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित है, उक्त वाणिज्यिक प्रयोजन भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया गया है सिर्फ बैनामा पंजीयन शेष है। उक्त भूमि के स्वामित्व अधिपत्य एवं अनुकरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, बोर्ड, निगम, या प्राधिकरण आदि को उक्त सौदे पर आपत्ति हो तो उक्त व्यवहार या उसके किसी भाग पर कोई उजर, दावा, आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तवोज क्रेता, विक्रेता या मेरे निचे लिखे पते पर इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें, म्याद गुजरने पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त इकरारशुदा सम्पत्ति का रकम भुगतान कर विक्रय पंजीयन करा लिया जावेगा, पश्चात में की गई आपत्ति अवैध व शून्य मानी जावेगी, तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 05.07.2025

**योगेश साहू**
**अधिवक्ता**
**कार्यालय 1269/55, न्यू लक्ष्मीनगर, पचपेड़ीनाका थाना - टिकरापारा, जिला-रायपुर मो नं. 98271-43366,**

---

### निःशुल्क होम्योपैथी जांच शिविर आयोजित



**आरंग।** स्थानीय राधाकृष्ण कॉम्प्लेक्स स्थित रिधिमा होमियोपैथी क्लिनिक में डॉक्टर डे मनाया गया। डॉक्टर डे के अवसर पर निःशुल्क होम्योपैथी जांच शिविर का आयोजन किया गया। निःशुल्क होम्योपैथी जांच शिविर का शुभारंभ डॉ. मीनाक्षी कश्यप जटिल रोग विशेषज्ञ ने की। उन्होंने उपचार हेतु आए मरीजों की जांच करने के बाद दवाई भी दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. एम एल गोलदार ने कहा कि आरंग मेरा कर्मभूमि रहा है। यहां मुझे पुनः सेवा करने का अवसर मिला है। निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन भविष्य में भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में डाक्टरों की विशेष टीम में डॉ. अभिषेक साहू, डॉ. वीपी मिश्रा भी उपस्थित रहकर मरीजों की जांच किए।

## निधन

### धरमू प्रसाद साहू



**आरंग।** ग्राम संकरी (जावा) निवासी 90 वर्षीय सेवानिवृत्त प्रधानपाठक धरमू प्रसाद साहू का निधन सुबह शनिवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वे स्वर्गीय अशोक साहू व स्वर्गीय शशिकांत साहू के पिता थे। नजदीकी ग्राम टेकारी (कुंडा) स्थित प्राथमिक शाला से वे सेवानिवृत्त हुए थे।







# दुर्ग से पटना के बीच चलेगी 8 स्पेशल ट्रेन, बाबा धाम जाने वाले श्रद्धालुओं मिलेगा आराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बाबा धाम जाने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे की ओर से एक नई ट्रेन का संचालन शुरू किया जा रहा है। भारतीय रेलवे की ओर से दुर्ग से पटना के बीच एक और स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। इस ट्रेन के परिचालन से बाबा धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को आठ दिन ट्रेन की सुविधा मिलेगी।

दरअसल, भारतीय रेलवे की ओर से पहले भी इन दोनों स्टेशनों के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की गई थी, लेकिन वह केवल दुर्ग से 06, 13, 20, एवं 27 जुलाई को उपलब्ध थी। अब नए नंबर से इन दोनों स्टेशनों के बीच एक और स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। यह ट्रेन दुर्ग से 07, 14, 21 एवं 28 जुलाई को छूटेगी। वहीं वापसी में नई स्पेशल ट्रेन 08, 15, 22 एवं 29 जुलाई को छूटेगी, जबकि पहले से घोषित ट्रेन 07, 14, 21, एवं 28 जुलाई को पटना से रवाना होगी। इन दोनों स्पेशल ट्रेनों में 1008 कन्फर्म बर्थ की सुविधा मिलेगी। दुर्ग और पटना के बीच चलने वाली एक और साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 08797 नंबर के साथ प्रत्येक सोमवार को दुर्ग से रवाना होगी।

वापसी में 08798 नंबर से ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को छूटेगी। इस ट्रेन में दो एसी-थ्री, 13 स्लीपर, 4 सामान्य, 2 एलआरडी सहित 21 कोच जुड़ेंगे, जिससे यात्रियों को 1008 कंफर्म बर्थ की सुविधा मिलेगी।

**खास बातें**

- साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 08797 नंबर के साथ प्रत्येक सोमवार को दुर्ग से रवाना होगी
- यह ट्रेन दुर्ग से 7 14, 21 एवं 28 जुलाई को छूटेगी



## खबर संक्षेप



### डॉ. सहाय को मिला हेल्थकेयर आइकॉन ऑफ द ईयर अवॉर्ड

रायपुर। बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल ने प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अजय सहाय को 'हेल्थकेयर आइकॉन ऑफ द ईयर अवॉर्ड' से सम्मानित किया। यह सम्मान राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस के अवसर पर जयपुर में आयोजित एक भव्य समारोह में दिया गया। विदित हो कि डॉ. सहाय विगत चार दशकों से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों, ट्राइबल्स और संवेदनशील नक्सल प्रभावित इलाकों तथा समाज के कमजोर तबकों के लिए सैकड़ों निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों और जागरूकता अभियानों का आयोजन कर चुके हैं। उन्होंने विभिन्न माध्यमों से समाज को स्वस्थ, स्वच्छ और समृद्ध बनाने का यथासंभव प्रयास किया है। डॉ. सहाय एक फिल्म अभिनेता, पटकथा लेखक, निर्माता और निर्देशक भी हैं।

### छत्तीसगढ़ क्लब में रक्तदान शिविर आज

रायपुर। रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मोपॉलिटन द्वारा थैलेसीमिया प्रभावित बच्चों की सहायता हेतु एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सिविल लाइंस स्थित छत्तीसगढ़ क्लब में 6 जुलाई को सुबह 8 बजे प्रारंभ होगा। यह पहल थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे बच्चों के लिए की जा रही है, जिन्हें जीवनभर नियमित रक्त की आवश्यकता होती है। रोटरी क्लब सभी रायपुरवासियों से अनुरोध करता है कि इस पुनीत कार्य में भाग लें और एक जीवन बचाने के लिए रक्तदान करें। आपका एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद बच्चे के जीवन के लिए अमूल्य हो सकता है।

## निधन



### दुर्गा सिन्हा

रायपुर। कृषक नगर जोरा निवासी दुर्गा सिन्हा (29) का 5 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कृषि कालेज के पीछे मुक्तिधाम में किया गया। वे चंद्रप्रकाश सिन्हा की पत्नी और शिव, नीलकंठ, कमलेश, योगेश, कृष्णा, चंद्रशेखर की भाई बहू थीं।

## बैज बोले- किसान, जवान और संविधान पर केंद्र और राज्य सरकार का लगातार प्रहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 7 जुलाई को होने वाली किसान, जवान, संविधान सभा में शामिल होंगे। उनके साथ महासचिव केसी वेणुगोपाल भी होंगे। आयोजन में 25 हजार से अधिक कार्यकर्ता, किसान और जवान की भागीदारी होगी। छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, किसान, जवान और संविधान पर केंद्र और राज्य की सरकार लगातार प्रहार कर रही है। सभा के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार पर सीधा हमला करेंगे। छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज राजीव भवन में कांग्रेस के प्रदेश सह-प्रभारी और वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में संवाददाताओं चर्चा में सभा को देश के लिए एक मील का पत्थर बताया है। उन्होंने कहा कि सभा का उद्देश्य प्रदेश की कानून व्यवस्था, महिलाओं के ख़िलाफ़ बढ़ते अपराध, किसानों के लिए डीएपी और खाद की कमी, नक्सलवाद उन्मूलन के खिलाफ लड़ाई के नाम पर निर्दोष आदिवासियों को मारने के साथ लचर बिजली व्यवस्था, छत्तीसगढ़ की खनिज संपदा को बेचने, 10 हजार स्कूलों को बंद करने, अवैध शराब बिक्री और नई शराब दुकान खोलने के खिलाफ आवाज उठाना है। उन्होंने कहा, आयोजन की तैयारी में प्रदेश प्रभारी के साथ तमाम वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी जुटे हुए हैं। ऐतिहासिक जनसभा के बाद छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं, किसानों और जवानों को एक नई ताकत और ऊर्जा मिलेगी।

- कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे का छत्तीसगढ़ दौरा कल

# सीएम साय ने कहा- सदन में हंगामे के समय महत्वपूर्ण विषय को दें प्रमुखता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को विधानसभा परिसर के प्रेक्षागृह में संसदीय रिपोर्टिंग विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में कहा, प्रदेश विधानसभा ने भी 25 वर्षों की गौरवमयी यात्रा पूरी की है और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ किया है। पत्रकारों की भी अहम भूमिका है, जो विधानसभा की गतिविधियों को जनता तक पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा, संसदीय रिपोर्टिंग का कार्य अत्यंत उत्तरदायित्वपूर्ण है, इसलिए पत्रकारों को विधानसभा में हंगामा के समय इसके सकारात्मक पहलू एवं महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा को भी प्रमुखता से स्थान देना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा उत्कृष्ट पत्रकारों को सम्मानित करने की परंपरा को भी सराहा और कहा, इससे पत्रकारों का मनोबल बढ़ता है तथा संसदीय रिपोर्टिंग को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस कार्यशाला के माध्यम से विधानसभा की गतिविधियां और अधिक प्रभावी रूप से जनता तक पहुंचेंगी। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा, आईआईएमसी के पूर्व महानिदेशक संजय द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित थे।

- छत्तीसगढ़ की 25 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा में पत्रकारों का योगदान अतुलनीय- डॉ. रमन



### लोकतंत्र के संवाहक हैं पत्रकार : महंत

कार्यशाला में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पत्रकारों की भूमिका को नारद मुनि की परंपरा से जोड़ते हुए कहा कि पत्रकार समयबद्धता और सजगता के साथ लोकतंत्र के संवाहक होते हैं। डॉ. महंत ने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से सभी को कुछ नया सीखने का अवसर मिलेगा और संसदीय पत्रकारिता को समझने का दायरा और व्यापक होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह आयोजन उपयोगी सिद्ध होगा और पत्रकारों के कार्य को नई दिशा देगा।

### हमारा संचार लोक कल्याण पर आधारित : द्विवेदी

कार्यशाला के प्रथम सत्र में डॉ. संजय द्विवेदी, पूर्व निदेशक, आईआईएमसी एवं प्रोफेसर माखन लाल चतुर्वेदी, राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्व विद्यालय, भोपाल ने कहा, हमारा संचार एवं संवाद हमेशा लोक मंगल के लिए होता है, जबकि पश्चिमी परंपरा में खींचतान की परंपरा है। संसदीय रिपोर्टिंग अत्यंत गहरा उत्तरदायित्व है, जहां भाषा, अनुशासन एवं मर्यादा की महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि हम अपनी जमीन छोड़ेंगे, तो हमारी जमीन नहीं बचेगी। संसदीय रिपोर्टिंग में ब्रेकिंग न्यूज पूरे विश्लेषण के बाद ही आम जनों तक आनी चाहिए।

### निष्पक्ष कव्हरेज से लोकतंत्र होगा मजबूत : रमन

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने संसदीय पत्रकारिता की महत्ता बताते हुए कहा, छत्तीसगढ़ की 25 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा में पत्रकारों का योगदान अतुलनीय रहा है। उन्होंने कहा, संसदीय पत्रकारिता अत्यंत संवेदनशील दायित्व है, जो सदन की गोपनीयता, अनुशासन और गरिमा को बनाए रखते हुए जनता तक सटीक एवं निष्पक्ष जानकारी पहुंचाने का कार्य करती है। डॉ. सिंह ने कहा कि पत्रकार जब पक्ष–विपक्ष से परे रहकर निष्पक्ष रूप से विधानसभा की कार्यवाही का अवलोकन करते हैं और उसे प्रस्तुत करते हैं, तब लोकतंत्र मजबूत होता है।



### सीधा प्रसारण से पत्रकारों का काम हुआ जटिल : डॉ. सुधांशु

कार्यशाला के समापन सत्र में डॉ. सुधांशु त्रिवेदी, सांसद, राज्यसभा ने व्यवहारिक पहलुओं पर केन्द्रित करते हुए संसदीय रिपोर्टिंग के संबंध में कहा, पहले छत्तीसगढ़ राज्य समस्याओं का गढ़ माना जाता था, लेकिन आज छत्तीसगढ़ ने विकास के नये सोपान तय कर लिये हैं। उन्होंने कहा, आज सदन की कार्यवाही का सीधा प्रसारण होने के कारण पत्रकारों का काम अत्यंत जटिल हो गया है। जनता को सदन की कार्यवाही के सीधे प्रसारण से सूचना और जानकारी तो मिल जाती है, लेकिन वह उस चर्चा एवं घटनाक्रम का विश्लेषण उसका इतिहास एवं पृष्ठभूमि भी चाहती है।

## प्राची अवस्थी को मिली रायपुर खनिज विभाग की जिम्मेदारी

रायपुर। रायपुर जिला खनिज विभाग का जिम्मा प्राची अवस्थी को सौंपा गया है। इससे पूर्व वह भौमिकी तथा खनिकर्म संचालनालय नवा रायपुर में उप संचालक के पद पर पदस्थ थी, वहां से तबादला कर उन्हें रायपुर जिला की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वहीं रायपुर में पदस्थ उप संचालक केके गोलघाटे को बिलासपुर खनिज विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। खनिज संसाधन विभाग ने खनिज विभाग के 9 अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया है। यह आदेश 2 जुलाई को जारी किया गया। जारी आदेश के अनुसार प्राची अवस्थी को रायपुर खनिज उपसंचालक, केके गोलघाटे को बिलासपुर जिला उपसंचालक, दिनेश कुमार मिश्रा बिलासपुर को भौमिकी तथा खनिकर्म संचालनालय नवा रायपुर, कुंदन कुमार बंजारे उप संचालक बलौदाबाजारभाटापारा को भौमिकी तथा खनिकर्म नवा रायपुर, राजेश मालवे उप संचालक को रायगढ़ से उत्तर बस्तर कांकेर, रमाकांत सोनी खनिज अधिकारी बिलासपुर को खनिज अधिकारी रायगढ़, सनत कुमार साहू खनिज अधिकारी कांकेर को राजनांदगांव चिरंजीव कुमार खनिज अधिकारी जशपुर को बीजापुर तथा रेखालाल राजपूत खनिज अधिकारी जशपुर को जांजगीर-चांपा में पदस्थ किया गया है।

### बेटर भारत एवं मां संस्था का रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर

रायपुर। एनजीओ "बेटर भारत"(आरोग्यवंदना मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन) एवं "मां"(मानवतया अस्तित्वम अस्ति फाउंडेशन) द्वारा शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग रायपुर में स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 45 यूनिट रक्त एकत्र किया गया और शिविर में 350 से अधिक लोगों की डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, बालों की समस्याएं, दंत चिकित्सा, नेत्र जांच एवं स्त्रीरोग संबंधी समस्याओं की जांच की गई। शिविर का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना एवं रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। एनजीओ बेटर भारत निरंतर छत्तीसगढ़ में ऐसे सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यों को आगे बढ़ा रहा है।

**शपथ पत्र**

मैं शपथकर्ती फैमिदा कुरैशी पति कमरूद्दीन, निवासी जीवन प्लाजा के पास 30/384, तरूण नगर, काली माता वार्ड, पंडरी, रायपुर (छ.ग.) की निवासी हूँ तथा नीचे लिखे अनुसार शपथ करती हूँ कि

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि मेरा आधार नं. 6208 7698 4207 है, जिसमें मेरा नाम / स्पेलिंग फैमिदा (PHAIMIDA ) दर्ज है, जो कि त्रुटिवश गलत दर्ज है।
3. यह कि, मेरा सही नाम / स्पेलिंग फैमिदा कुरैशी (FAMIDA QURAISHI) है, जो कि सत्य एवं सही है। यह नाम मेरे पंजाब नेशनल बैंक के खाते में दर्ज है।
4. यह कि उक्त आधार कार्ड में दर्ज मेरा गलत नाम / स्पेलिंग -फैमिदा (PHAIMIDA) को सुधारकर मेरा सही नाम / स्पेलिंग - फैमिदा कुरैशी (FAMIDA QURAISHI) दर्ज किया जावें, एवं मुझे यही नाम से जाना व पहचाना जावें एवं मेरे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा यही सही नाम दर्ज किया जावें।
5. यह कि उपरोक्त कथनों के समर्थन में यह शपथपत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ता, यह सत्यापित करता हूं कि उपरोक्त शपथपत्र की कंडिका क्रमांक 1 से 5 तक में सभी तथ्य सही एवं सत्य है। अतः मैंने आज दिनांक को स्वयं के हस्ताक्षर कर स्थान रायपुर से सत्यापित कर दिया।

शपथकर्ता

दिनांक 27/06/2025

**Name change**

I, Arun Kumar Sahu alias Arun Kumar, S/o Hare Krishna Sahu, residing at Mangal Bhavan Ke Piche, Padum Nagar, Ward No. 18, Bhilai-3, Bhilai Charoda, District Durg, Chhattisgarh - 490021, do hereby declare that I have changed my name from Arun Kumar Sahu alias Arun Kumar to Arun Sahu.

Henceforth, I shall be known and identified as Arun Sahu for all official, legal, and future purposes.

All concerned persons are requested to take note.

**Deponent**
**Arun Kumar Sahu alias Arun Kumar**

**:: आम सूचना ::**

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार दीपक कुमार साहू पिता स्व. गणेश राम साहू निवासी दुर्गा पारा संतोषी नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. वाले ने श्रीमति सृष्टि पैठणकर पति संजय पैठणकर निवासी चौबे कालोनी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा डोमा प.ह.नं. 84 रा.नि.मं. रायपुर-18- कांदुल तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित जिसका खसरा नंबर 196/69 रकबा 0.0140 हे. याने 1500 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का सौदा तय कर विक्रेता को बयाना राशि प्रदान कर दी है उक्त भूमि का बैनामा पंजीयन किया जाना शेष है। उपरोक्त भूमि के क्रय विक्रय से किसी भी व्यक्ति संस्था निकाय निगम बैंक को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के दस दिवस के भीतर मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी दावा आपत्ति दर्ज करावे । म्याद बाद की गई दावा आपत्ति शून्य मानी जावेगी व मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि का बैनामा पंजीयन निष्पादन अपने पक्ष में कराने स्वतंत्र रहेगा । सो सूचना जाने ।

भवदीय
**पी. एल. साहू अधिवक्ता**
**निवास एवं कार्यालय का पता भैरव नगर (तामेश्वर किराना स्टोर के पास) मठपुरैना रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.**
**मो.नं. 7999082535, 9300892039**

**:: आम सूचना ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा / क्रेता श्रीमती मिनाक्षी पटेल पति श्री दिनेश कुमार पटेल (मो. 7000488173/ 5) पता- 108 पी. एस.सिटी, ढेलाबाई छात्रावास मार्ग चंगोराभाठा, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. ने विक्रेता तजिन्दर कौर पति श्री ओंकार सिंग तुली (मो. 9425557871) निवासी- एम.आई.जी. 47 पद्मनाभपुर पी.सी.सी. मिनी स्टेडियम के पास दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के हक, स्वामित्व, एवं अधिपत्य की वाणिज्यिक प्रयोजन परिवर्तित भूमि जिसका खसरा नम्बर 1421/40 रकबा 0.0544 हे. अर्थात 5866 वर्गफूट मौजा रायपुर खास पहनं. 62, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित है, उक्त वाणिज्यिक प्रयोजन भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया गया है सिर्फ बैनामा पंजीयन शेष है। उक्त भूमि के स्वामित्व अधिपत्य एवं अनुकरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, बोर्ड, निगम, या प्राधिकरण आदि को उक्त सौदे पर आपत्ति हो तो उक्त व्यवहार या उसके किसी भाग पर कोई उजर, दावा, आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तवोज क्रेता, विक्रेता या मेरे निचे लिखे पते पर इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें, म्याद गुजरने पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त इकरारशुदा सम्पत्ति का रकम भुगतान कर विक्रय पंजीयन करा लिया जावेगा, पश्चात में की गई आपत्ति अवैध व शून्य मानी जावेगी, तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। सो सूचना जाने।

**रायपुर छ.ग.**
**दिनांक- 05.07.2025**
**योगेश साहू अधिवक्ता**
**कार्यालय 1269/55, न्यू लक्ष्मीनगर, पचपेड़ीनाका थाना - टिकरापारा, जिला-रायपुर मो नं. 98271-43366,**

## पेज 09 के शेष ...

### पोल्ट्री गाड़ी का ....

तक थाने में किसी ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस के मुताबिक सुबह 11 से 12 के बीच आरंग से रायपुर की तरफ आ रहे पोल्ट्री वाहन ने बाइक को पीछे से ठोकर मार दी। पोल्ट्री वाहन के टक्कर से बाइक सवार गिर गया और उसके सिर तथा शरीर के अन्य भागों में गंभीर चोटें आई। पोल्ट्री वाहन के पलटने से जाली टूट गई और अंदर रखी ज्यादातर मुर्गियां मर गई और सड़क के एक बड़े हिस्से में बिखर गई।

### दस मिनट के ....

मुर्गी लूटने कूदते-फांदते पहुंचते दिखे। इस दौरान गंभीर रूप से घायल बाइक चालक लोगों से मदद की गुहार लगाते रहा। लोग घायल की मदद करने की बजाय ज्यादा से ज्यादा मुर्गी लूटने व्यस्त दिखे। इसके साथ ही कुछ लोग इस नजारे को कैमरे में कैद करते दिखे।

### 14 किसानों के ....

में ही फसल लगी पाई गयी। शेष 94.27 हेक्टेयर में फसल ही नहीं मिली। इस जांच में इस क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी मिथिलेश कुमार साहू एवं विनय कुमार सिंह पर आरोप लगा है कि उनके द्वारा 50-50 हेक्टेयर में चना बीज के स्थान पर 6 प्रतिशत से भी कम बीज किसानों को बांटा गया है।

### कार स्टंट, आधा ....

जुर्माना राशि वसूल की है। कार से स्टंट करने वाले सभी लड़के नाबालिग थे। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार नाबालिग लड़के ने कार में स्टंट करते हुए एक कार में लाल-नीली बत्ती तथा पदनाम पट्टिका का उपयोग कर रील बनाकर सोशल मीडिया में पोस्ट किया था। शेष अन्य पांच अलग-अलग कार में नाबालिग रूफटाप एवं बोनट में बैठकर स्टंट करने के साथ मस्ती कर रहे थे। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने गंभीरता से लेते हुए कार चालक तथा मालिकों की पहचान कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने नंबर के आधार पर कार मालिकों की पहचान कर कार्रवाई की।

### स्टंट में शामिल ....


0 कार एमपी 04सीक्यू 0270 चालक आरीज खान छोटापारा रायपुर 0 कार सीज 04 क्यूए 2145 चालक आर्यन दलदल सिवनी मोवा 0 कार डब्लूबी 02 एई 7720 चालक केतन ऋषि देवेन्द्र नगर रायपुर

## कवि संजीव ठाकुर को आज मिलेगा वैश्विक साहित्य सम्मान



रायपुर। निर्दलीय पब्लिकेशन के 52वें स्थापना दिवस के अवसर पर भोपाल स्थित गांधी भवन में 6 जुलाई को वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में ख्यातिप्राप्त साहित्यकार, कवि संजीव ठाकुर को बतौर विशेष अतिथि आमंत्रित किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस शरदचंद्र बेहार, अध्यक्ष प्रख्यात रचनाकार, कवि राजेश जोशी होंगे। इस अवसर पर कवि संजीव ठाकुर को वैश्विक साहित्य सम्मान (अंतर्राष्ट्रीय रचनाकार सम्मान) से सम्मानित भी किया जाएगा। कवि संजीव ठाकुर के अलावा इस सम्मान को पाने वाली दो अप्रवासी शिक्षाविद, कवित्री मूलतः दिल्ली निवासी वर्तमान में न्यूजीलैंड शिक्षाविद डॉ. सुनीता शर्मा एवं सिंगापुर की कवियित्री अनुसुईया साहू होगीं कार्यक्रम में देश के 17 राज्यों से आने वाले शिक्षाविद, साहित्यकार, कवियों को विभिन्न विधाओं में प्रशस्तिपत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

## गुढ़ियारी स्कूल में मनाया प्रवेशोत्सव



रायपुर। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय तिलक नगर गुढ़ियारी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के शाला प्रवेश उत्सव एवं न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के लगभग 800 विद्यार्थियों को स्नेह भोज कराकर विद्यालय परिवार ने आत्मीयता का वातावरण निर्मित किया। विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया। इसी दौरान प्राचार्य जॉली साहू ने जिले की प्रवीण्य सूची में आठवां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा दीपिका साहू को 5001 रुपए नकद राशि भेंट की।






## खबर संक्षेप



### बृजमोहन, महापौर ने बच्चों के साथ किया पौधारोपण

**रायपुर।** रायपुर शहर को स्वच्छ सुंदर और हरा-भरा बनाने एक पेड़ मां के नाम महाअभियान की राजधानी में शनिवार को शुरुआत हुई। रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महापौर मीनल चौबे ने चंगोराभाठा स्कूल के बच्चों सहित शीशम, मौलश्री, गुलमोहर, कचनार के पौधों का रोपण किया। डॉक्टर खूबचंद बघेल उद्यान को हरा-भरा बनाने के इस महाअभियान में रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, सभापति सूर्यकांत राठौर सहित पार्षदों की सहभागिता रही। नगर निगम के पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग और जोन 5 के संयुक्त आयोजन में चंगोराभाठा के सांस्कृतिक भवन परिसर में एक पेड़ मां के नाम महाअभियान की शुरुआत की गयी।

### सीडब्ल्यूसी सदस्य सप्पल आज आएंगे

**रायपुर।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी के स्थायी आमंत्रित सदस्य, प्रशासन इंचार्ज एआईसीसी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यालय समन्वयक गुरदीप सिंह सप्पल रविवार को 1.55 बजे चेन्नई से रवाना होकर 3.45 बजे रायपुर पहुंचेंगे। वे यहां पर श्री खड़गे की सभा के संबंध में जानकारी लेंगे। रायपुर में रात्रि विश्राम के बाद दूसरे दिन सोमवार को साइंस कॉलेज की सभा में शामिल होंगे। यहां राजीव भवन में होने वाली बैठक में भी मौजूद रहेंगे।

### अवैध पाटों को निगम अमले ने किया ध्वस्त

**रायपुर।** निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग और जोन-4 की टीम ने सिविल लाइंस वार्ड में नेताजी होटल चौक के पास बड़ी नाली के ऊपर कब्जा जमाकर बनाए गए 12 अवैध पाटों को तोड़कर सफाई कराई।

# पुटू 16 सौ, सेमी दो सौ, भिंडी, करेला, गंवार फल्ली सौ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सब्जियों पर महंगाई की जमकर बारिश हो रही है। सबसे महंगी सब्जी बारिश के मौसम में आने वाला पुटू है। इसके दाम थोक में 13 सौ रुपए किलो और चिल्हर में चार सौ रुपए पाव के हिसाब से 16 सौ रुपए किलो है। सेमी जैसी सब्जी चिल्हर में दो सौ रुपए किलो बिक रही है। थोक में इसके दाम 150 रुपए हैं। भिंडी, करेला, गंवार फल्ली सहित कई सब्जियों के दाम सौ रुपए किलो हैं। टमाटर भी अब भाव खाने लगा है। इसके दाम भी 50 रुपए के पार हो गए हैं। ज्यादातर सब्जियों के दाम 50 रुपए के पार है। सज्जन सब्जी की श्रेणी में आने वाला कद्दू चिल्हर में 30 रुपए किलो बिक रहा है। इसके दाम कभी 20 रुपए से ज्यादा नहीं रहते। लौकी के दाम भी 40 रुपए किलो हो गए हैं। बारिश के समय में हमेशा सब्जियों के दाम आसमान पर चले जाते हैं। राजधानी रायपुर में इस समय सब्जियों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। जो भिंडी एक सप्ताह पहले थोक में 20 से 25 और चिल्हर में 40 रुपए किलो बिक रही थी, वह अब थोक में 50 से 60 और चिल्हर में 25 रुपए पाव हो गई है। इसी तरह से गंवार फल्ली जैसी सब्जी के दाम चिल्हर में 25 से 30 रुपए पाव है। करेला भी 25 से 30 रुपए पाव बिक रहा है। मूनगा 30 से 40 रुपए पाव यानी 120 से 160 रुपए किलो में बिक रहा है। ढेस के दाम वैसे भी ज्यादा रहते हैं। इस समय ढेस थोक में 60 से 80 रुपए और चिल्हर में 30 रुपए पाव यानी 120 रुपए किलो में बिक रहा है। धनिया थोक बाजार में तो 50 से 60 रुपए किलो है, पर चिल्हर में यह 30 रुपए पाव से कम नहीं मिल रहा है।

■ टमाटर सहित ज्यादातर सब्जियां 50 रुपए के पार



### सबसे महंगा पुटू

बारिश के मौसम में आने वाले जंगली मशरूम पुटू के दाम इस समय थोक में 13 सौ रुपए किलो है। यह राजधानी रायपुर के साथ ही प्रदेश भर के बाजारों में 400 रुपए पाव के हिसाब से बिक रहा है। इसकी बारिश के मौसम में बहुत ज्यादा मांग रहती है। रायपुर में यह सभी सब्जी मंडियों के साथ महंगा होने के बाद भी सड़क के किनारे भी बिक रहा है।

### 50 से कम वाली सब्जी

50 रुपए से कम वाली सब्जियों में सज्जन सब्जी कद्दू है। इसके दाम हमेशा 20 रुपए रहते हैं, लेकिन यह इस समय 30 रुपए किलो में बिक रहा है। थोक में इसके दाम 15 रुएए हैं। इसके अलावा लौंकी 40 रुपए, पत्ता गोभी 40 रुपए, बैगन 40 रुपए किलो है। अन्य सब्जियों के दाम 50 रुपए से ज्यादा है। इसमे कोचआ के दाम 60 रुपए, फुल गोभी 80 रुपए, परवल 80 रुपए किलो है।

### किस सब्जी के कितने दाम

पुटू 1600 रुपए किलो
सेमी 200 रुपए किलो
भिंडी 100 से 120 रुपए किलो
मुनगा 120 से 160 रुपए किलो
ढेंस 120 रुपए किलो
धनिया 120 रुपए किलो
हरी मिर्च 100 से 120 रुपए किलो
करेला 100 से 120 रुपए किलो
गंवार फल्ली 100 से 120 रुपए किलो

### सब्जियों के दाम आसमान पर

टमाटर के साथ सभी सब्जियों के दाम आसमान पर चले गए हैं। पुटू आया है, इसका दाम थोक में इस समय 13 सौ रुपए किलो है।

- टी.श्रीनिवास रेड्डी
अध्यक्ष
डूमरतराई थोक सब्जी बाजार

# सीएम हाउस घेराव के लिए निकले निकाय कर्मचारी

## पुलिस ने रोका, तूता धरना स्थल ले जाकर छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

3 सूत्रीय मांगों को लेकर नगरीय निकाय के कर्मचारी अधिकारी शनिवार को राजधानी में जुटे। महात्मा गांधी सदन के सामने से मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने जा रहे आंदोलनकारियों को पुलिस ने रास्ते में बैरिकेड लगाकर रोक दिया। इसके बाद उन्हें बस में भरकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल ले जाकर छोड़ दिया।

नवनियुक्त कर्मचारी अधिकारी संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के नगरीय निकाय के कर्मचारी अधिकारी मुख्यमंत्री निवास घेराव के लिए राजधानी में एकजुट हुए। प्रतिमाह की 1 तारीख को नगरीय निकाय कर्मचारियों को वेतन भुगतान सुनिश्चित करने, नगरीय निकायों में अन्य विभाग की भांति पुरानी पेंशन योजना लागू करने और नगरीय निकाय कर्मचारियों को पदोन्नति के लिए पद स्वीकृत करने की मांग को लेकर कर्मचारी, अधिकारियों ने नारेबाजी की। बैनर पोस्टर के साथ प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकायों से आए कर्मचारी मुख्यमंत्री निवास घेराव करने निगम मुख्यालय के सामने से निकले। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने उन्हें रास्ते में बैरिकेड लगाकर आगे बढ़ने से रोक दिया। आंदोलन कर रहे कर्मचारियों को पुलिस ने वहां से हटाकर बस में तूता धरना स्थल ले जाकर छोड़ा। इससे कर्मचारी नाराज हो गये। संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी का कहना है कि नगरीय निकाय के कर्मचारियों की जबरिया गिरफ्तारी कर उन्हें तूता छोड़ने के विरोध में कर्मचारी सोमवार से एक सप्ताह तक काली पट्टी लगाकर काम करेंगे।

धरना प्रदर्शन में संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, कोषाध्यक्ष संदीप चंद्राकर, प्रदेश सचिव सुभाष मानेकर, विनोद यादव-कांकेर,महितोष शर्मा बिलासपुर, शिल्पा मिश्रा राजनांदगांव, संजय शर्मा नगर निगम भिलाई से, जगदलपुर से जगदीश बघेल सहित प्रदेश भर से आए नगरीय निकाय के कर्मचारी, अधिकारी शामिल हुये।




तीन सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन
नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी संघ के आव्हान पर राजधानी में जुटे कर्मचारी

# खड़गे की सभा कल, बारिश से बचने तीन वाटर प्रूफ डोम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साइंस कॉलेज मैदान पर सोमवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा को लेकर तैयारी पूरी हो चुकी है। यहां पर दोपहर 1 बजे होने वाली सभा में पहुंचने वालों के लिए बारिश से बचने तीन वाटर प्रूफ डोम तैयार किए गए हैं। कांग्रेस का दावा है कि करीब 25 हजार लोगों के सभा में बैठने की व्यवस्था है। तैयारियों का जायजा लेकर इसे अंतिम रूप दिया जा चुका है। बताया गया है कि मल्लिकार्जुन खड़गे सुबह 11.30 बजे दिल्ली से रायपुर पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से सीधे होटल मेरिएट पहुंचेंगे। वहां थोड़ी देर रुकने के बाद दोपहर 1 बजे सभा स्थल पहुंच कर किसान, जवान और संविधान रैली को संबोधित करेंगे। खड़गे के अलावा कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता भी सभा में मौजूद रहेंगे।

■ सुबह 11.30 बजे पहुंचेंगे, 6 घंटे के दौरे में संगठन की लेंगे बैठक



### दो बैठक लेंगे

6 घंटे के अपने छत्तीसगढ़ दौरे के दौरान सभा के बाद दोपहर 4 बजे प्रदेश पोलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक लेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ पार्टी में समन्वय बनाने सहित अन्य मुद्दों पर बात होगी। संगठन की मजबूती के लिए आने वाले समय में किस तरह की रणनीति हो, इस पर चर्चा की जाएगी। 5 बजे प्रदेश कार्यकारिणी की विस्तारित बैठक लेंगे। बैठक में कांग्रेस के आगामी कार्यक्रमों की रणनीति के संबंध में जानकारी लेंगे। बैठक के बाद 6 बजे शाम को दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

# एक भारत-श्रेष्ठ भारत देश में एकता को मजबूत करने का प्रयोग : अजय जामवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यशाला में भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा, एक भारत-श्रेष्ठ भारत यह देश में एकता के भाव और सुदृढ़ करने के लिए पहला प्रयोग है, जिसकी संकल्पना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी। आज देश और प्रदेश में भाजपा के अनुकूल वातावरण है, अतः हम इस संकल्पना को साकार करने में कोई कसर न छोड़ें।

श्री जामवाल ने कहा, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों व कार्यक्रमों ने भाजपा के प्रति जन-विश्वास पैदा किया है, यह अनुकूलता निर्मित हुई है। इसके लिए भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों को और मेहनत करने की आवश्यकता है, ताकि यह देश और भाजपा के प्रति विश्वास और मजबूत हो। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने एक भारत श्रेष्ठ भारत को लेकर जानकारी ली और मार्गदर्शन दिया। श्री साय ने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि इस कार्यक्रम के लिए टीम बनाकर कार्य करना है। भाजपा प्रदेश महामंत्री और 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक संजय श्रीवास्तव ने प्रस्तावना रखते हुए कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की रूपरेखा की तैयारी की जानकारी ली और आगामी कार्य को लेकर चर्चा की है। कार्यशाला में सभी जिला संयोजक एवं सहसंयोजक उपस्थित रहे।



### जंगल कटाई पर आम आदमी पार्टी ने जताई आपत्ति



**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने रायगढ़ के तमनार में हो रही जंगल कटाई पर विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि हसदेव अरण्य में जंगल की कटाई पर वहां के आदिवासियों ने भारी विरोध जताया था, लेकिन पूर्व की सरकार ने उनकी बात नहीं सुनी और जब हजारों आदिवासी राजधानी रायपुर में अपनी बात रखने के लिए नेताओं से मिलना चाहते थे तो उनसे मिलना भी उचित नहीं समझा था। इसलिए ऐसे नेताओं को जंगल कटाई का विरोध करने का नैतिक अधिकार नहीं है।

## सरकारी दफ्तरों में बीएसएनएल हो अनिवार्य : सांसद बृजमोहन



**रायपुर।** रायपुर में बीएसएनएल द्वारा दूरसंचार सलाहकार समिति की बैठक में बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, सभी सरकारी दफ्तरों में बीएसएनएल को अनिवार्य करना चाहिए। बैठक के दौरान बीएसएनएल द्वारा उपभोक्ताओं को दी जा रही वर्तमान सेवाओं, भविष्य की योजनाओं और नेटवर्क विस्तार पर विस्तार से चर्चा की गई। श्री अग्रवाल ने बीएसएनएल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने में कोई कसर न छोड़ें। उन्होंने कहा, शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों में भी नेटवर्क को मजबूत करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने 5जी सेवाओं के त्वरित विस्तार पर बल दिया। उन्होंने बीएसएनएल को अपने उत्पादों व सेवाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार और प्रभावी मार्केटिंग करने की भी सलाह दी, जिससे अधिकाधिक लोग जुड़ सकें। बैठक में बीएसएनएल के प्रधान महाप्रबंधक (व्यावसायिक क्षेत्र रायपुर) टीके मरकाम ने सांसद को बीएसएनएल की 4जी सेवाओं, नेटवर्क विस्तार और नई पहलों की विस्तृत जानकारी दी।

## बिजनेस साइट

### रायपुर में 'ऑर्थोप्लास्टी कॉन्फ्रेंस' का भव्य आयोजन आज, 150 से अधिक विशेषज्ञ लेंगे हिस्सा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ऑर्थोप्लास्टी एसोसिएशन, रायपुर ऑर्थोपेडिक सोसायटी एवं इंडियन ऑर्थोप्लास्टी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को होटल हयात में 'रायपुर ऑर्थोप्लास्टी कॉन्फ्रेंस' का आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में देशभर से 150 से अधिक ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञों के शामिल होने की संभावना है। श्री नारायणा हॉस्पिटल के वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. सुनील खेमका ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन में जटिल चिकित्सा विषयों पर विस्तृत चर्चा और प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अतिरिक्त श्री नारायणा हॉस्पिटल के रोबोटिक ज्वाइंट नी रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. प्रीतम अग्रवाल एवं डॉ. प्रदीप पटेल लाइव रोबोटिक पार्शियल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी का प्रदर्शन करेंगे, जो सम्मेलन का मुख्य आकर्षण होगा।

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All...

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक : केदार कश्यप



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर नवा रायपुर स्थित अपेक्स बैंक परिसर में आयोजित संगोष्ठी में सहकारिता एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया। उन्होंने इसे पर्यावरण संरक्षण और मां के प्रति श्रद्धा का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में गौपालक और मत्स्य सहकारी किसानों को रुपे केसीसी कार्ड और दुग्ध सहकारी समितियों को माइक्रो एटीएम वितरित किए गए।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने घटाई गृह ऋण ब्याज दरें अब सिर्फ 7.45% पर मिलेगा होम लोन

**रायपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने ग्राहकों को बड़ी राहत देते हुए गृह ऋण की ब्याज दरों में एक बार फिर कटौती की घोषणा की है। नई दर के अनुसार अब होम लोन सिर्फ 7.45% वार्षिक ब्याज दर पर उपलब्ध होगा, साथ ही प्रोसेसिंग शुल्क पूरी तरह माफ किया गया है। यह नवीनतम दर कटौती, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पॉलिसी दरों में कमी किए जाने के पश्चात जून में बैंक द्वारा अपने गृह ऋण ब्याज दरों में की गई कटौती के बाद 8.00% प्रति वर्ष से घटाकर 7.50% प्रतिवर्ष किए जाने के बाद की गई है। बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक संजय मुदालियर ने बताया, हमारा लक्ष्य घर का सपना देख रहे ग्राहकों को किफायती वित्तीय सहायता प्रदान करना है। ब्याज दर में की गई यह कटौती न सिर्फ घर खरीदने के निर्णय को आसान बनाएगी, बल्कि आवासीय क्षेत्र में भी गति लाएगी।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

### महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज ने मनाया अपना 19वां स्थापना दिवस

**रायपुर।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज, रायपुर ने अपनी स्थापना के 19 गौरवपूर्ण वर्षों को बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों के क्षेत्र में संस्थान की निरंतर प्रगति को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के ट्रस्टी, आमंत्रित अतिथि, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कॉलेज के ट्रस्टी नवल किशोर अग्रवाल ने सभी प्राध्यापकों की सराहना की। वहीं राजेंद्र अग्रवाल ने कॉलेज के 19 वर्षों के उत्कृष्ट सफर को गौरव का विषय बताया।



### कल्याण पब्लिक स्कूल में आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को दिए गए स्कूल शूज



**रायपुर।** शंकर नगर स्थित कल्याण पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर 50 विद्यार्थियों को मुफ्त स्कूल शूज प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य था कि ऐसे बच्चों को स्कूल आने में किसी प्रकार की असुविधा न हो और उनकी पढ़ाई में कोई बाधा न आए। बच्चों के पैर की नाप के अनुसार उनके लिए उपयुक्त साइज के जूते उपलब्ध कराए गए।

### महिलाओं में कैंसर जागरूकता को लेकर संजीवनी और पाटीदार समाज की सराहनीय पहल



**रायपुर।** संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन और पाटीदार समाज रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में पाटीदार भवन, रायपुर में एक भव्य कैंसर जागरूकता मेगा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 600 से अधिक महिलाओं ने भाग लेकर स्वास्थ्य और जीवनशैली से जुड़ी अहम जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ की वरिष्ठतम कैंसर सर्जन और एकमात्र प्रशिक्षित ऑनकोप्लास्टिक ब्रेस्ट कैंसर सर्जन डॉ. मौ रॉय और दर्द, पैलिएटिव एवं सहायक ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. अविनाश तिवारी उपस्थित रहे। इन दोनों विशेषज्ञों ने कैंसर की रोकथाम, प्रारंभिक लक्षणों की पहचान और उपचार की आधुनिक तकनीकों पर महिलाओं को विस्तृत जानकारी दी। डॉ. मौ रॉय ने कहा कि यह बीमारी तेजी से महिलाओं में बढ़ रही है, परंतु यदि समय रहते जांच और सतर्कता बरती जाए तो यह पूरी तरह से रोकी जा सकती है।

# सतबहनिया तालाब की सफाई देखी कुंड बनाकर जाली लगाने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजाधानी के कटोरातालाब क्षेत्र स्थित सतबहनिया तालाब में चल रही सफाई व्यवस्था का एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निगम के अधिकारियों को तालाब किनारे कुंड बनाकर जाली लगाने निर्देश दिये। श्री गिदवानी ने कहा कि तालाब की सफाई के बाद भी कुछ लोग तालाब में कचरा डालकर उसे दूषित करते हैं। जन सुविधा की दृष्टि पूजन, हवन की सामग्री विसर्जित करने कुंड बनाने से लोगों को सहूलियत होगी। नगर निगम जोन 4 के पंडित भगवतीचरण शुक्ल वार्ड पार्षद अमर गिदवानी ने अपर आयुक्त विनोद पांडे, जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता रघुमणि प्रधान, शेखर सिंह के साथ तालाब की सफाई व्यवस्था प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां तालाब सफाई के बाद कचरा डालने पर विसर्जन कुंड बनाने के निर्देश दिये। आम नागरिकों की सुविधा के लिए तालाब किनारे पचरी घाट बनाये जाने की हिदायत भी दी।

एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी ने तालाब सफाई का किया निरीक्षण

# ट्रेड यूनियनों का संयुक्त मंच निकालेगा बाइक रैली, नौ को करेंगे हड़ताल

कर्मचारी नेताओं ने पत्रकार वार्ता में कहा- सरकार कर्मचारी विरोधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केन्द्र की भाजपा सरकार ने कोरोना के समय मजदूरों के 44 श्रम कानूनों में से 29 को खत्म करते हुए चार नए लेबर कोड बनाए। नए श्रम संहिताओं के लागू होने से मजदूरों ने अपने संघर्षों और बलिदानों से जो श्रम कानून हासिल किया था, उसे खत्म किया। यूनियन बनाना, पंजीयन करवाना असंभव है। अगर यूनियन बन गया तो उसे खत्म किया जा सकता है। धरना, प्रदर्शन और हड़ताल पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 111 के तहत जेल और जुर्माने का प्रावधान है। इसके विरोध में 8 जुलाई को बाइक रैली,कैंडल मार्च और मशाल जुलूस के बाद नौ जुलाई को हड़ताल की जाएगी। मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान कर्मचारी नेता धर्मराज महापात्र, हरिनाथ सिंह, संजय सिंह सहित सभी ट्रेड यूनियन के महासचिव, अध्यक्ष ने हड़ताल के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्थाई रोजगार की जगह केन्द्र सरकार निश्चित अवधि, प्रशिक्षु, आउटसोर्स, और हर काम को ठेकेदारी से जोड़ने का नया फरमान ले आई है। स्थाई नौकरी ना होने पर मजदूर अपने अधिकार के लिए लामबंद नहीं हो सकेंगे और ग्रेच्युटी व अन्य लाभों से वंचित हो जाएँगे। बिना नोटिस मजदूरों को काम से निकाला जा सकता है। कारखाने में 40 से कम मजदूर होने पर न्यूनतम वेतन, ई.पी.एफ और अन्य श्रम कानून लागू नही होंगे। महिलाओं को कारखानों में रात की पाली में काम करने की अनुमति होगी,जो पहले नहीं था। काम करने की समय अवधि को 8 से बढ़ाकर 12 घंटे कर दिया। तमाम मुद्दों को लेकर ट्रेड यूनियन ने विरोध करने सड़क पर उतरने का निर्णय लिया है।

## कांति पटेल बने युवा कैट के प्रदेश अध्यक्ष, रतनदीप महामंत्री, भरतभूषण कोषाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राजधानी स्थित प्रदेश कार्यालय में शनिवार को बैठक आयोजित की गयी। इस महत्वपूर्ण बैठक में आगामी दो वर्षों के लिए प्रदेश युवा कैट का गठन किया गया। इसमें कांति पटेल युवा कैट के प्रदेश अध्यक्ष, रतनदीप सिंह महामंत्री और भरतभूषण गुप्ता कोषाध्यक्ष बनाये गये। कैट के रष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने बताया कि प्रदेश भर में युवा कैट टीम का विस्तार किया जायेगा। कैट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की ओर से अमर पारवानी राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं सदस्य-राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड को नई प्रदेश युवा कैट गठन के लिए अधिकृत किया गया था। शनिवार को श्री पारवानी के मार्गदर्शन में बैठक शुरू हुई, जिसमें कैट के प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन ने कांति पटेल के नाम का प्रस्ताव प्रदेश अध्यक्ष युवा कैट पद के लिए प्रस्तुत किया। बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों ने इस प्रस्ताव का सर्वसम्मति से समर्थन करते हुए कांति पटेल को युवा कैट का प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित किया। यह निर्वाचन कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद चांदनी चौक, नई दिल्ली प्रवीण खण्डेलवाल की अनुशंसा पर किया गया। प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने बैठक में शामिल सदस्यों का अभिनंदन करते हुए स्वागत किया और नवगठित टीम को शुभकामनाएं दीं।

प्रदेशभर में होगा युवा कैट का विस्तार



# सिमर्स क्लब में फेक वेडिंग, अश्लीलता फैलाने के आरोप में अपराध दर्ज

हिंदू संगठन की आपत्ति के बाद पुलिस ने क्लब संचालक सहित अन्य के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा थाना क्षेत्र स्थित आमासिवनी में संचालित सिमर्स क्लब में दो जुलाई को आयोजित फेक वेडिंग को लेकर हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने हिंदू धर्म को आहत पहुंचाने का आरोप लगाते हुए क्लब संचालक तथा अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। हिंदू संगठनों की शिकायत पर पुलिस ने क्लब संचालक तथा अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 299, 3 (5) के तहत अपराध दर्ज किया है। विधानसभा सीएसपी वीरेंद्र चतुर्वेदी के अनुसार फेक वेडिंग आयोजन करने के आरोप में क्लब मालिक नितिन मोटवानी उर्फ भोकू, संचालक अनश एवं अन्य प्रबंधनकर्ताओं के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। एफआईआर के मुताबिक विजेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा थाने आकर लिखित शिकायत की गई कि सिमर्स क्लब द्वारा दो जुलाई को फेक वेडिंग नाम से एक आयोजन किया गया, जिसमें हिन्दू रीति रिवाज से होने वाले विवाह को आपत्तिजनक तरीके से प्रस्तुत किया गया। क्लब के मालिक, संचालक एवं अन्य प्रबंधनकर्ताओं द्वारा हिन्दू विवाह को अपमानजनक तरीके से दर्शाया गया। नशा परोसने वाली जगह पर पवित्र बंधन को नग्नतापूर्ण दिखाया गया। इससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और हिन्दू समाज में आक्रोश का माहौल है, जिससे शहर में विवाद की स्थिति निर्मित हो सकती है। पुलिस ने विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है।

■ आयोजनकर्ताओं ने हिंदू रीति से होने वाले विवाह को बताया था आडंबर














कैलाश मानसरोवर यात्रा
25 जुलाई, 14 अगस्त, 23 सितंबर 2025 (12 रात 13 दिन)
सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
राशि:- (13 दिन) 2,10000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 6 जुलाई 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



माता लक्ष्मी ने रोका प्रभु जगन्नाथ का ...

## लाइव इवेंट

# वाद्ययंत्रों पर संगत से सजा मंच युवाओं ने गीतों से बांधा समा



**रायपुर।** आधुनिक दौर में जब सामाजिक ताने-बाने में दूरियां बढ़ रही हैं। ऐसे में मां आनंदिनी फाउंडेशन ने परिवार सेवा, सांस्कृतिक मूल्यों और सामूहिक सहयोग को बढ़ाते हुए एक सराहनीय पहल की। वृंदावन हॉल में फाउंडेशन के तत्वावधान में एक संगीतमय शाम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य संगीत के जरिए समाज में सेवा, एकता और पारिवारिक मूल्यों का संदेश पहुंचाना था। इस प्रोग्राम की शुरुआत पारंपरिक तरीके से की गई। मंच संचालन करते हुए श्वेता चौरे मां आनंदिनी के सितारों से गीतों की माला अर्पण करवाती रहीं। इस दौरान अवतार सिंह धंजल ने हारमोनियम, तबले पर गौरव विश्वास, ऐश्वर्या मिश्रा ने मधुबन खुशबू देता है, सागर सावन देता है..., लता सिंह ने ए दिल मुझे बता दे..., साक्षी बजाज ने किसलिए मैंने प्यार किया..., जैसे गीतों की सुमधुर प्रस्तुति से संगीत की महफिल सजाई।


### श्रोताओं के बीच सजाई गीतों की श्रृंखला

श्रोताओं के बीच गीतों की श्रृंखला सजाने के लिए आई काजल अग्रवाल ने होशवालों को खबर क्या.., मंजू शर्मा ने, आइए मेहरबां बैठिए जाने जां..., शिखा गोलछा ने, पत्थर के सनम..., दीया मूलचंदानी ने, रहें ना रहें हम.., गीत को अपनी शानदार गायकी से यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मीनाक्षी केशरवानी ने, चलो सजना...जहां तक घटा चले.., मोहिनी मालावार ने, बड़ा नटखट है रे कृष्ण कन्हैया.., आसिया सोनू ने, कौन दिसा में लेके चला..., चांदी सा चमकता...,गीत गाता चल..,चांद जैसे मुखड़े पे.., गीत से अपनी गायकी का जलवा बिखेरा। गीतों की इस महफिल के बीच सामाजिक समरसता बढ़ाने और पारिवारिक ताने-बाने के बीच रिश्तों की डोर को मजबूत करने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया।

### सालभर में हार्ड अटैक के मरीजों की संख्या ढाई हजार के अधिक, जिला अस्पताल में रोजाना 7-8 मरीजों का इलाज

# स्वस्थ दिखने पर भी 40 के बाद हर साल जरूरी है हार्ट चेकअप, सिर-पैर, सीने का दर्द हो सकता है अटैक का संकेत

बदलती जीवनशैली, खानपान में असंतुलन और स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के चलते दिल की बीमारियों का खतरा अब युवाओं पर भी मंडराने लगा है। आमतौर पर प्रत्यक्ष रूप से दिखने वाला स्वस्थ शरीर अंदर से बीमार होता है, ऐसे में सिरदर्द, पैरों में सूजन, सीने में दर्द, घबराहट जैसे समस्या हार्ट अटैक का सिम्टम्स हो सकता है। जहां पहले हार्ट अटैक जैसी गंभीर समस्या आमतौर पर 60 वर्ष की उम्र के बाद देखी जाती थी, अब यह खतरा 40 की उम्र से पहले ही दस्तक देने लगा है।



**रायपुर।** हृदयरोग विशेषज्ञों का कहना है कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी, तनाव, जंक फूड का अधिक सेवन और शारीरिक गतिविधियों की कमी इसके प्रमुख कारण हैं। चिकित्सको के अनुसार, गंभीर बीमारी से पहले शरीर व्यक्ति को संकेत देता है, जिसे नजरअंदाज करना घातक हो सकता है। शरीर में किसी प्रकार का बदलाव महसूस होने पर चिकित्सकों से सलाह जरूर लें, यह आपके जीवन को लंबे समय तक बेहतर बनाने में मददगार साबित होगा। सिरदर्द, अचानक जबड़े में दर्द, सीने में दर्द, पैरों में सूजन जैसे संकेत हृदय रोग का संकेत है। व्यक्ति को हार्ट अटैक से बचने के लिए फिजिकल एक्टिविटी से जुड़े रहना चाहिए।



### 2 से 4 साल में हार्ट अटैक के मरीज बढ़े

गंभीर बीमारी से पहले शरीर व्यक्ति को संकेत देता है, ऐसे में हार्ट अटैक से पहले चलने में दिक्कत, सांस लेने में तकलीफ, पैरों में सूजन, जबड़े में दर्द, शोल्डर में दर्द होने पर तुरंत चिकित्सकों से संपर्क करें। यह संकेत हृदय रोग से संबंधित है। रामकृष्ण केयर अस्पताल से विशेषज्ञ डॉ. जावेद अली खान ने बताया कि व्यक्ति की बदलती दिनचर्या और वातावरण में हानिकारक तत्वों का मौजूद होना कुछ इसका कारण हो सकता है। बीते 2-4 साल से कैंसर और हार्ट अटैक के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती नजर आ रही है। अपने स्वास्थ को बेहतर बनाने के लिए मोटापा कम करें, बीपी-शुगर को संतुलन में रखें, शारीरिक गतिविधियों को जीवनशैली में शामिल करें।




### शुगर 140 और बीपी 90-140 से ज्यादा हो तो डॉक्टर की सलाह जरूरी

समय-समय पर महिलाओं में हार्मोन बदलता रहता है, जिसके कारण महिलाओं में हार्ट अटैक की समस्या कम देखने को मिलती हैं। दूसरी ओर पुरुषों में प्राकृतिक संरचना के कारण यह संभावना बढ़ जाती है। आंबेडकर अस्पताल से विशेषज्ञ डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने बताया कि महिलाओं में जहां 64 वर्ष के बाद हार्ट अटैक की समस्या होती है, वहीं पुरुषों में 46 से शुरू हो जाती है। आमतौर पर 64 की उम्र के बाद पुरुषों में यह समस्या कम होने लगती है। लोगों में धूम्रपान, तनाव, बीपी-शुगर के कारण यह आंकड़ा बढ़ता जा रहा। यदि शुगर 140 से अधिक और बीपी 90-140 से ज्यादा हो तो तुरंत चिकित्सकों की सलाह ले। औसतन प्रतिदिन 5-8 हार्ट अटैक के मरीज अस्पताल में पहुंच रहे है। इससे बचने के लिए 35-40 उम्र के बाद हर 2 साल में हृदय संबंधित जांच जरूर कराएं।

### हार्ट अटैक की बड़ी वजह धूम्रपान

देश का भविष्य कहे जाने वाला युवावर्ग धूम्रपान के शिकार होता जा रहा है, जिससे 18 साल की कम उम्र से ही हार्ट अटैक की समस्या देखने को मिल रही है। सुयश हॉस्पिटल से विशेषज्ञ डॉ. गौरव त्रिपाठी के अनुसार, धूम्रपान का प्रचलन, बीपी-शुगर का बढ़ना, फिजिकल एक्टिविटीज का कम होना और लाइफस्टाइल में बदलाव इसकी सबसे बड़ी समस्या है। हार्ट अटैक से पहले सीने में दर्द, घबराहट, पसीना आना इसका संकेत है। अस्पताल के आंकड़ों के अनुसर, एक साल में एक हजार तक मरीज हार्ट अटैक के शिकार हो रहे। वहीं दुनियाभर में 20-30 करोड़ व्यक्ति बीपी, शुगर से पीड़ित हैं।



## सिटी इवेंट

# रैम्प पर चमके खुद के डिजाइन किए परिधान, फैशन शो में दिखाया आत्मविश्वास



**रायपुर।** आंजनेय विश्वविद्यालय के डिजाइन विभाग द्वारा इन-हाउस फैशन शो व मॉडल मेकिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को रचनात्मकता और व्यावसायिकता के अनूठे संगम का अनुभव कराया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को फैशन इंडस्ट्री की वास्तविकताओं से परिचित कराना और उनके भीतर छिपी प्रतिभा को मंच प्रदान करना था। छात्रों ने स्वयं डिजाइन किए गए परिधानों को रैम्प पर प्रस्तुत किया और फैशन शो के माध्यम से आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति और प्रस्तुतिकरण कौशल का प्रदर्शन किया।

मॉडल मेकिंग गतिविधियों में विद्यार्थियों को स्टाइलिंग, पोजिंग और रन-वे प्रेजेंस पर व्यावहारिक प्रशिक्षण मिला। इस अवसर पर फैशन एवं इंटीरियर क्षेत्र के विशेषज्ञों ने छात्रों के कार्यों की सराहना की और उन्हें मूल्यवान सुझाव भी प्रदान किए।

# डिजिटल दौर में मातृत्व पर फोकस, बच्चों माताओं ने मिलकर रचाए यादगार पल



**रायपुर।** सरोना के कृष्णा पब्लिक स्कूल में नर्सरी से लेकर कक्षा तीसरी तक के विद्यार्थियों ने मदर्स डे सेलिब्रेशन का आयोजन किया। यह कार्यक्रम माताओं के अटूट प्रेम और शक्ति को समर्पित था। इस समारोह का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक भूमिका गिजारे की उपस्थिति थी। उन्होंने माइंडफुल मदरहुड : नर्चरिंग बॉन्ड्स इन ए डिजिटल वर्ल्ड विषय पर एक ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किया, जिसकी सभी उपस्थित लोगों ने सराहना की। यह कार्यक्रम मस्ती और भावनाओं से भरा हुआ था, क्योंकि माताओं ने अपने बच्चों के साथ खूबसूरत बंधन का जश्न मनाते हुए खेलों, नृत्य सत्रों और इंटरैक्टिव गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। नृत्य, गीतों और प्रिंसिपल डॉ. अर्चना मिश्रा के एक मार्मिक भाषण सहित विभिन्न छात्र प्रदर्शनों से मंच जीवंत हो उठा, जिसमें बच्चे के जीवन में मां की भूमिका के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

# प्रदर्शनी में दिखा भगवान का रौद्र रूप कृतियों में भक्ति-संस्कृति का संगम



रायपुर। संस्कृति विभाग की कला वीथिका में शनिवार से दो दिवसीय भगवान जगन्नाथ पर केंद्रित चित्रकला प्रदर्शनी की शुरुआत हुई। इस प्रदर्शनी में विभिन्न कलाकारों द्वारा बनाई गई 50 से अधिक कलाकृतियां प्रदर्शित की गईं। इनमें भगवान जगन्नाथ के शांत और अहिंसक स्वरूप को दर्शकों ने खासतौर पर पसंद किया। पहले दिन बड़ी संख्या में लोग प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे। भगवान की बड़ी आंखें, सौम्य मुस्कान और उनके चारों ओर उड़ते सफेद कबूतरों के माध्यम से कलाकारों ने शांति और प्रेम का संदेश देने का प्रयास किया है। कलाकारों के अनुसार, प्रत्येक चित्र में कोई न कोई संदेश छिपा है।





भगवान जगन्नाथ केवल भक्ति नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व में शांति का प्रतीक हैं। प्रदर्शनी में रथयात्रा की झलकियों को भी कलात्मक रूप से प्रस्तुत किया गया है, जिसे पतंगों के आकार के कोलाज में दर्शाया गया है। इन रचनाओं को तैयार करने में चारकोल, जलरंग, पेस्टल, कंप्यूटर ग्राफिक्स, बूटकट, कोलाज, अखबार की कटिंग, ब्रश, तूलिका और कूंची जैसे विविध माध्यमों का प्रयोग किया गया है। यह मिश्रण हर चित्र को एक अलग पहचान देता है। रचनाओं को पूरा करने में कलाकार को लगभग 3 से 4 घंटे का समय लगता है, लेकिन हर रचना महीनों की सोच और साधना का परिणाम है। इन चित्रों की खास बात यह भी है कि यह सभी 2 से 3 साल पुरानी रचनाएं हैं, जिन्हें प्रवीण शर्मा ने अत्यंत सहजता और श्रद्धा से सहेजकर रखा।

### चित्रों में सजीव हुआ भगवान का रूप

प्रदर्शनी में भगवान के रौद्र रूप ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कई दर्शकों ने पहली बार चित्रों के माध्यम से भगवान का यह अनोखा स्वरूप देखा। पारंपरिक ढोलक वादन के साथ प्रदर्शित रौद्र रूप ने धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक जीवंतता को और भी प्रभावशाली बना दिया। साथ ही भगवान जगन्नाथ के भाई-बहन के प्रेम को भी खूबसूरती से चित्रों में उकेरा गया है। कलाकार प्रवीण शर्मा ने बताया कि भगवान जगन्नाथ उनकी प्रेरणा हैं और इस प्रदर्शनी के जरिए उन्होंने भगवान के विविध स्वरूपों और उनके संदेशों को रचनात्मक अंदाज में लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया है।

# जरूरतमंदों की मदद के लिए किया रक्तदान, स्वास्थ्य जांच भी



**रायपुर।** बेहतर भारत फाउंडेशन व मां एनजीओ की ओर से शनिवार को मैग्नेटो मॉल में रक्तदान व निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शाम 4.30 बजे से रात 8.30 बजे तक इस शिविर में 50 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया, जबकि 70 से अधिक लोगों ने निशुल्क स्वास्थ्य जांच सेवाओं का लाभ उठाया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और सामाजिक सेवा की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। शिविर में रक्तदान के साथ-साथ ब्लड प्रेशर, शुगर, बीएमआई, आंखों की जांच जैसी सेवाएं भी उपलब्ध रहीं। स्वास्थ्य शिविर में युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। आयोजकों ने रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित भी किया।

### स्वयं के हॉबी, क्रिएटिविटी को मनी अर्निंग का माध्यम बनाकर आत्मनिर्भर हो रहे युवा

## कार्नर न्यूज

# यूथ में सेल्फ डिपेंड होने का नया ट्रेंड, खुद के हुनर से निकाल रहे पॉकिट मनी का खर्च



**रायपुर।** कॉलेज में पढ़ाई के दौरान स्टूडेंट्स का घर से हर महीने पॉकेटमनी लेने का ट्रेंड अब लगभग खत्म हो गया है। खासकर युवाओं में नया ट्रेंड शुरू हुआ है कि वे पढ़ाई के साथ-साथ अपना पॉकिट मनी खर्च खुद के स्किल से निकाल रहे हैं। यूं कहें कि बदलते दौर के साथ युवा सेल्फ डिपेंड होने की राह पर चल पड़े हैं। स्टूडेंट्स की इस नई सोच ने जहां फैमिली पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को हल्का किया है। स्कूलिंग, समर कैंप या स्पेशल क्लासेस के दौरान सीखे हुनर को मनी अर्निंग का माध्यम बना पॉकिट मनी का खर्च चला रहे हैं। यह कॉलेज स्टूडेंट्स खुद को एक सेल्फ डिपेंडेंट स्टूडेंट्स के रूप में प्रेजेंट कर दूसरे स्टूडेंट्स के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। शहर की कुछ ऐसे ही कॉलेज स्टूडेंट्स हैं, जिनसे हरिभूमि की टीम ने बातचीत कर उनके फैमिली बैकग्राउंड, स्किल व सेल्फ डिपेंडेंट स्टूडेंट्स बनने के संघर्ष के बारे में जाना, जो पढ़ाई के साथ-साथ अपने स्किल के मुताबिक पार्ट टाइम जॉब कर अपना खर्च वहन कर रहे हैं।

### फर्स्ट ईयर में थी, तब से सेहत की पाठशाला क्लासेस शुरू की

कॉलेज स्टूडेंट्स मासूम लुनिया बताती हैं कि वे अभी खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रही हैं। साथ ही खुद की एक सेहत की पाठशाला नाम से क्लास चला रहीं हैं, जहां महिलाओं को मेडिसिन फ्री लाइफ कैसे जिएं, उसकी काउंसिलिंग, कथक डांस, योगा, जुंबा क्लासेस कराती हैं। उन्होंने यह क्लासेस कॉलेज के फर्स्ट ईयर के समय से ही शुरू की थी। आज इस क्लासेस से मेरी पढ़ाई व मेरा दोनों खर्च निकल जाता है। मेरे मम्मी-पापा बिजनेस करते हैं। इसलिए मुझमें भी बिजनेस स्किल शुरू से है, इस स्किल का उपयोग मैंने सेल्फ डिपेंड बनने में किया। आगे एनजीओ की शुरुआत करने जा रही हूं।



### 10वीं में पढ़ाई के दौरान पोर्ट्रेट पेंटिंग बनाकर अर्निंग की मनी

साइकोलॉजी में पीएचडी की पढ़ाई पूरी करने वाली तृप्ति बताती हैं कि वे क्लास-1 के समय से ही पेंटिंग सीखी हैं, 10वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहीं थी, तभी से लोगों की स्क्रेच पेंटिंग बनाकर बेचती थी और अपने लिए पॉकिट मनी का जुगाड़ कर लेती थी। फिर जब मैं कॉलेज की पढ़ाई शुरू की तो आर्टिस्टिक्स वाइब्स नाम से बच्चों की पेंटिंग क्लासेस शुरू की और इससे आने वाले पैसों से मैं सेल्फ डिपेंडेंट स्टूडेंट्स बनी और आज अपनी पीएचडी साइकोलॉजी की पढ़ाई पूरी कर पाई।



### अभिमंत्रित राखी हैंपर्स डिजाइन करती हैं रिध्दी

बीए साइकोलॉजी की स्टूडेंट्स रिद्धी जैन बताती हैं कि वे अभिमंत्रित राखी हैंपर डिजाइन करती हैं। साथ ही एनजीओ का काम भी करती हैं। इससे उन्हें कुछ अर्निंग होती है, उससे पढ़ाई का खर्च वहन कर लेती हैं। फैमिली से अलग से पॉकिट मनी लेने की जरूरत नहीं पड़ती। स्टूडेंट्स रिद्धी आगे बताती हैं कि हाल ही में उन्होंने सेल्फ डिफेंस काउंसिलिंग की क्लासेस भी स्टार्ट की है। इस तरह वे शिक्षा को अपनी आत्मनिर्भरता का आधार बना रही हैं, जो काबिले तारीफ है।

समाज लाइव

## इमाम हुसैन की याद में बुजुर्गों को आश्रम में कराया भोजन



**रायपुर।** शहर के लोग किसी अवसर को खास और यादगार बनाने के लिए अब सेवाभावना के साथ काम करने लगे हैं। इसी श्रृंखला में इमाम हुसैन की याद में वैदिक ग्रुप की एमडी सैय्यद सलमा ने वृद्धाश्रम में शनिवार को वृद्धजनों को शाकाहारी भोजन कराया। साथ ही वृद्धजनों ने आयोजक संस्था को अपना आशीर्वाद और अपनी नेक दुआओं से नवाजा तथा नम आंखों से उन्होंने लोगों का दिल जीत लिया। कई बुजुर्गों ने अपनी आपबीती सुनाई। उनकी बातों को सुनने के बाद ग्रुप की एमडी ने सहयोग देने की बात कही।

### जालिमों के आगे सिर नहीं झुकाया

बुजुर्गों ने नम आंखों से वैदिक ग्रुप की एमडी से कहा, इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम ने इंसानियत के लिए शहीद हुए। इससे पहले उन्होंने भूखे-प्यासे रहते हुए शहीद होने से पहले सब्र किया। करबला में शहीद होना पसंद किया, मगर जालिमों के आगे सिर नहीं झुकाया। भूख की तड़प तो भूखा ही जानता है, इसलिए हमें अपने माता-पिता को हमेशा अपने साथ लेकर रहना और उनकी सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर शोभा सेन्डे, प्रभा, प्रिया शर्मा, आशा शर्मा, सैय्यद ताजुद्दीन, मीना कुमारी सहित युवाओं की टीम ने भी सहयोग दिया।

सिटी लाइव

## संस्कार पाठशाला को संवारने अब समर्पित शिक्षक देंगे सेवा



**रायपुर।** संस्कार पाठशाला को संवारने के लिए समर्पित सेवाभावी शिक्षकों के लिए आयोजित साक्षात्कार की प्रक्रिया शनिवार को पूरी की गई। छत्तीसगढ़ राज्य में संस्कार पाठशाला परियोजना के तहत संस्कार शिक्षकों का साक्षात्कार सफल रहा। इस साक्षात्कार का उद्देश्य ऐसे योग्य और समर्पित शिक्षकों का चयन करना था, जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षा के साथ नैतिक और मानसिक विकास में मार्गदर्शन कर सकें। संस्कार पाठशाला से सरकारी विद्यालयों में पढ़ाई से वंचित बच्चों को कौशल युक्त शिक्षकों द्वारा पठन-पाठन कराया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों को निशुल्क कॉपी, किताब सहित अध्ययन सामग्री दी जाएगी। इसके साथ ही हर वर्ग को शिक्षा की मूलधारा से जोड़ने का प्रयास अब जमीनी स्तर पर होगा। संस्कार पाठशाला में लोगों को सुसंस्कारित शिक्षा को गुणवत्ता के साथ देने की पहल होगी।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने की पहल

विद्यार्थी के मानसिक विकास और मनोरंजन के उद्देश्य से संगीत तथा इंडोर खेल जैसे कैरम, लूडो और चेस की व्यवस्था की गई है। सर्वत्र शिक्षा समिति नई दिल्ली के मंडल परियोजना नियंत्रण अधिकारी डीके शर्मा ने बताया कि यह समिति भारत सरकार नई दिल्ली के एनसीटी से पंजीकृत है। संस्कृति मंत्रालय से मान्यता प्राप्त संस्था है। समिति का उद्देश्य ग्रामीण, शहरी क्षेत्र के जरूरतमंद बच्चों को संस्कार, संस्कृति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना है। इस अवसर पर श्वेता भदोरिया का चयन जिला परियोजना नियंत्रक अधिकारी के रूप में किया गया। आने वाले समय में इस परियोजना के संचालन की जिम्मेदारी निभाएंगी।

● नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत, हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने विधि-विधान से की पूजा

# माता लक्ष्मी ने रोका प्रभु जगन्नाथ का मार्ग, अनुनय विनय पर श्रीधाम में मिला प्रवेश, जयघोष की गूंज

'देवशयनी एकादशी से पहले शनिवार को गायत्री नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में बाहुड़ा रथयात्रा का उत्साह देखने लायक था। इस श्रृंखला में एक मनोहारी धार्मिक प्रसंग साकार हुआ। प्रभु जगन्नाथ बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ मौसी के घर (गुंडिचा मंदिर) से नौ दिनों के प्रवास से गर्भगृह लौटे तो द्वार पर माता लक्ष्मी ने उनका मार्ग रोक लिया। अनुनय-विनय के बाद श्रीधाम में प्रवेश मिलने से परिसर में श्री जगन्नाथ के जयघोष की गूंज रही। इस उत्सव का हिस्सा बनने के लिए शाम को भक्तों का सैलाब उमड़ा।'

**रायपुर।** शहर के प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर में धार्मिक परंपरा को निभाने के लिए भक्तों के बीच विशेष अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी प्रमुख रूप से शामिल हुए। उन्होंने सोने की झाड़ू से बुहारने की परंपरा छेरापहरा निभाते हुए न केवल भगवान के प्रति अपनी आस्था प्रकट की, बल्कि पूजा के सभी प्रक्रियाओं का विधि-विधान से पालन किया। पूर्व विधायक गुलाब कमरो, मोहित केरकेट्टा, गुरमुख सिंह होरा, राजेंद्र तिवारी, पं. सदानंद तिवारी इस बाहुड़ा रथयात्रा में प्रमुख रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन भगवान श्री जगन्नाथ के गर्भगृह में विराजमान होने के बाद सामूहिक आरती के साथ किया गया। इसके बाद प्रसाद वितरण में श्रद्धालुओं ने भाग लेते हुए पुण्य लाभ प्राप्त किया।



### उत्साह के साथ किया क्षेत्र का भ्रमण



भगवान के दिव्य दर्शन करने के लिए दोपहर से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ गई थी। परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था। भक्ति संगीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच उत्साह के साथ तीनों रथों को खिचते हुए श्रद्धालुओं ने क्षेत्र का भ्रमण किया।

इसके बाद सामूहिक आरती से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। इसमें अतिथि के रूप में शामिल विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी सहित सभी विशिष्टजन शामिल हुए।



### प्रेम और समानता का प्रतीक है परंपरा

प्रभु ने वचन दिया "अब से जब भी यात्रा होगी, मैं आपको साथ लेकर ही जाऊंगा।" इसके बाद माता लक्ष्मी ने खुश होकर भगवान को गर्भगृह में प्रवेश की अनुमति दी। यह दृश्य देखकर श्रद्धालु भावविभोर हुए। जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष एवं उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा "यह प्रसंग केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि जीवन का संवाद है। प्रेम और समानता का प्रतीक है। यह हमें सह-अस्तित्व और रिश्तों की मर्यादा का संदेश देती है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने रथ खींचने का सौभाग्य अर्जित किया।

### पौराणिक प्रसंग को किया गया जीवंत

पौराणिक प्रसंगों के तहत भगवान जगन्नाथ हर वर्ष आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया को रथयात्रा पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देने के लिए निकलते हैं। इस यात्रा में माता लक्ष्मी को साथ नहीं ले जाने की वजह वे रुष्ट हो जाती हैं। भगवान के लौटने पर मां लक्ष्मी उन्हें द्वार पर रोकते हुए नाराजगी प्रकट करती हैं। बाहुड़ा यात्रा पर जैसे ही रथ मंदिर के द्वार पर पहुंचा, माता लक्ष्मी ने प्रभु से पूछा-"प्रभु, आप बिना मुझे बताए चले गए। क्या मैं इस घर की स्वामिनी नहीं हूं?" तब श्री जगन्नाथ ने हाथ जोड़कर विनम्रता से अनुनय-विनय करते हुए क्षमा याचना की। इस प्रसंग को जीवंत किया गया, इससे लोगों को रिश्तों की महत्ता का एहसास कराने का प्रयास किया।





## भैरव नगर से निकला भव्य वरघोड़ा गुरु भगवंतों का हुआ मंगल प्रवेश



**रायपुर।** भैरव नगर स्थित श्री विमलनाथ मंदिर से आध्यात्मिक योगी महेंद्र सागर, मनीष सागर महाराज एवं जयपाल मुनिराज की पावन निश्रा में शोभनतिलक विजयजी का मंगल प्रवेश भव्य वरघोड़े के साथ संपन्न हुआ। यह विशाल शोभायात्रा श्री अभिनंदन स्वामी जिनालय, आम्रपाली सोसायटी तक पहुंची, जहां श्रद्धालुओं द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। समिति के रजत कानूगा ने जानकारी दी कि गुरु भगवंतों का स्वागत श्री रेगलिया रेजिडेंसी, श्री शांति रेजिडेंसी एवं वी 3 कैस्केड जैन परिवार द्वारा बड़े श्रद्धाभाव से किया गया। बरगोड़ा में भक्ति गीतों की प्रस्तुति श्री भैरव भक्त मंडल, श्री गर्व बैद, श्री सचिन पारख एवं श्री राजेश ललवानी द्वारा दी गई, जिसने भक्तों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान श्री प्रकाशचंद सुराणा ने उद्बोधन देते हुए अहमदाबाद, सूरत, राधनपुर एवं साजा से पधारे गुरु भगवंतों के परिवारों का स्वागत किया। श्री अभिनंदन स्वामी महिला मंडल द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया, जबकि श्री वासुपूज्य मनोहर महिला मंडल ने स्वागत गीत की सुंदर प्रस्तुति दी।



### ज्ञान जब तक भाव में नहीं बदलेगा, हमारे लिए वह सिर्फ जानकारी

परमात्मा का ज्ञान हमारी जिंदगी बदल सकता है। लाखों-करोड़ों लोगों का जीवन बदल चुका है। हमारा नहीं बदला क्योंकि हमारे भीतर कषाय ज्यादा हैं। अगर हमने ज्ञान लिया भी, तो उसे आत्मसात नहीं कर पाए। याद रखिए कि ज्ञान जब तक भाव में नहीं बदलेगा, वह हमारे लिए जानकारी मात्र है। टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में शनिवार को चातुर्मासिक प्रवचन प्रारंभ करते हुए उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी मनीष सागरजी महाराज साहब ने यह बातें कही। उन्होंने कहा कि ज्ञान के बाद दूसरी जरूरी चीज क्रिया है। क्रिया हमारी जिंदगी का कल्याण कर सकती है। यह सीढ़ी की तरह है। संस्कार, धर्म के जिस स्तर पर हम खड़े हैं, यह उससे ऊपर उठाती है। अगर नीचे गिरो, तो थामने के लिए भी यही क्रियाएं जरूरी हैं। जितने समय तक धार्मिक क्रियाओं में लगे रहेंगे, तब तक न केवल पाप करने से बचेंगे, बल्कि धार्मिक स्तर पर और ऊपर पहुंचेंगे। इसके लिए आपके मन में पहले यह भाव आना जरूरी है कि मनुष्य जीवन मिला ही दुर्गति के लिए है। तीसरी जरूरी चीज साधना है और इसके लिए आपको कहीं हिमालय में जाने की जरूरत नहीं है।

## पर्यावरण जागरूकता के लिए निशुल्क कार्यशाला 13 जुलाई को

**रायपुर।** प्रकृति की ओर सोसायटी द्वारा पर्यावरण को लेकर निशुल्क कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 13 जुलाई को दोपहर 3.30 बजे से 6 बजे तक वृंदावन हॉल सिविल लाइंस में आयोजित है। कार्यशाला में पर्यावरण जागरूकता एवं पेड़-पौधे की हरियाली के जीवन के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह कार्यशाला पर्यावरण का एक अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शहर के नागरिकों को घर पर हरियाली विकसित के नवीनतम उपायों से अवगत कराया जाएगा। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पर्यावरण पहल की प्रेरणास्त्रोत, डॉ. मेनका भारती, कृषि विशेषज्ञ एवं उद्यमी, जो इस कार्यशाला के विषय के बारे में जानकारी देंगी।

### टेरारियम गार्डन पर एक्सपर्ट देंगे जानकारी

घरों के गार्डन के देखभाल के विषय में अंजू पारख, प्रख्यात गार्डन विशेषज्ञ इस कार्यशाला में जानकारी साझा करेंगी। इसमें सेक्युलेंट्स के प्रकार, देखभाल, सजावट और उनके लाभों पर जानकारी देंगी। टेरारियम गार्डन जिसमें पौधे को प्लास्टिक के कंटेनर में तैयार करते हैं, उसके लिए बिजल पिथालिया, टेरारियम विशेषज्ञ टेरेरियम तैयार करने की विधि, सामग्री और सजावटी उपयोगों पर जानकारी देंगी। यह कार्यशाला निशुल्क रहेगी, प्रकृति की ओर सोसायटी के अध्यक्ष मोहन वल्र्यानी एवं सचिव निर्भय धाड़ीवाल ने बताया कि समाज में पर्यावरण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण एवं स्व-सजगता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है।

## सिंधी पंचायत के 5 दिवसीय फिल्म फेस्टिवल के पहले दिन उमड़ी भीड़

**पंचायत के युवा और महिला विंग ने समाज को जोड़ने की पहल**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत ने समाजजनों को सिंधी कला-संस्कृति से जोड़ने के लिए 4 से 8 जुलाई यानी पांच दिवसीय सिंधी फिल्म फेस्टिवल का आगाज शुक्रवार को किया। इसे लेकर बड़ी संख्या में समाजजन उत्साह दिखाते हुए फेस्टिवल में शामिल हुए। पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी और प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज ने बताया कि यह आयोजन शहर के कलर्स मॉल में किया गया। इसमें प्रतिदिन शाम 6 से 9 और रात 9 से 12 तक फिल्म का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसमे सिंधी भाषा, संस्कृति को बढ़ावा देने और युवा पीढ़ी को सिंधी भाषा से जोड़ने के लिए छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के साथ युवा विंग, महिला विंग द्वारा इस फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है।



### पहली बार ऐसा आयोजन

उन्होंने बताया कि पहली बार शहर में इस तरह का आयोजन किया गया है। इसमें समाज को पांच दिनों तक इस फिल्म फेस्टिवल का टिकट निशुल्क दिया जाता है। इसे श्याम नगर स्थित प्रधान कार्यालय में निशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। फिल्म फेस्टिवल का शुभारंभ कलर्स मॉल में किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के पदाधिकारी और मुखी शामिल हुए। समाज को सिंधी फिल्म फेस्टिवल में शामिल होने और मनोरंजन के साथ ज्ञानवर्धक बातों को ग्रहण करने के लिए सजग किया जा रहा है।

### पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर टिकट

इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए लोगों को आयोजन से जोड़ने का प्रयास सभी पंचायत के लोग कर रहे हैं। संयोजक विकास रूपरेला, अनिल लाहोरी, मनीष पंजवानी और रतन वल्र्यानी ने बताया कि इसका बहुत अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। सभी शो फुल जा रहे और टिकट पहले आओ पहले पाओ के आधार पर निशुल्क प्रदान किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य सिनेमा के माध्यम से सिंधी समाज को भाषा व संस्कृति से जोड़ना है। मुरलीधर उदासी, अमर पारवानी, महेश रोहरा, बलराम आहूजा इसमें सहयोग देते हैं।



## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ ने हिमाचल को 175 रनों से हराया



**रायपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन पुडुच्चेरी की ओर से मेंस अंडर-19 इंटर स्टेट मल्टी डे अभ्यास मैच पुडुच्चेरी में जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित बंगाल, केरला, पांडेचेरी और हिमाचल प्रदेश आदि टीमें हिस्सा ले रहीं है। छत्तीसगढ़ का दूसरा मैच हिमाचल प्रदेश के विरुद्ध पुडुच्चेरी में खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ अंडर 19 ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 58.1 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर 261 रन ही बना लिये। छत्तीसगढ़ की ओर से तेजस्वी कलभोर ने शानदार षतक लगाते हुये 103 रन तथा श्लोक चचाने ने 40 रनों का योगदान दिया। अन्य कोई भी बल्लेबाज लंबी पारी खेलने में नाकाम रहे। हिमाचल प्रदेश की ओर से अभिषेक ने 4 विकेट तथा सिद्धाक ने 3 विकेट प्राप्त किये। 262 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हिमाचल प्रदेश मैच के दूसरे दिन 5 विकेट पर 69 रनों से आगे खेलते हुये, 40.3 ओवरों में केवल 86 रनो पर ऑल आउट हो गयी। हिमाचल प्रदेश की ओर से आदित्य ने 24 रन तथा अग्रिम ने 22 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ अंडर-19 की ओर से दिवाकर ताम्रकार ने 58 विकेट, धनंजय नायक ने 3 विकेट तथा विवेक कुमार ने 2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ अंडर 19 ने मैच 175 रनों से जीत लिया।

### छत्तीसगढ़ को ऑल इंडिया तीरंदाजी की मेज़बानी मिली



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से आगामी दिसंबर माह में ऑल इंडिया तीरंदाजी पुलिस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर पूरे देश से पुलिस विभाग के 500 तीरंदाज छत्तीसगढ़ में अपने खेल कौशल दिखाएंगे। ऑल इंडिया पुलिस में कई ऐसे तीरंदाज है जो भारतीय तीरंदाजी के अधीन नेशनल ओपन प्रतियोगिता में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वर्तमान में खेल रहे है।भारतीय तीरंदाज़ी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका ने छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग को ऑल इंडिया पुलिस टूर्नामेंट के लिए छत्तीसगढ़ को मेज़बानी मिलने पर बधाई देते हुए छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के प्रदेश अध्यक्ष व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का विशेष आभार जताया है।

### छत्तीसगढ़ टेनिस प्रीमियर लीग में रोमांचक दौर जारी



**रायपुर।** विष्णु प्लेफिट अकादमी एवं टेनिस फैमिलिया के संयुक्त आयोजन में दो दिवसीय छत्तीसगढ़ टेनिस प्रीमियर लीग यूनियन क्लब एवं वीआईपी क्लब में शनिवार से शुरू हुई। छत्तीसगढ़ टेनिस संघ के तत्वाधान में प्रतियोगिता का उद्घाटन यूनियन क्लब के अध्यक्ष एवं प्रदेश टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा ने किया। इस अवसर पर प्रदेश टेनिस संघ के उपाध्यक्ष रूपेंद्र सिंह चौहान एवं रणधीर सिंह विरदी उपस्थित थे। आठ टीमों में लगभग 50 जूनियर बॉयज एवं गर्ल्स खिलाड़ी थे। ऐसे में स्पर्धा में भाग ले रहे है पूर्व में विभिन्न टीमों का चयन प्लेयर की नीलामी प्रक्रिया से हुआ। पहले दिन के परिणाम में टीम एस ने टीम टॉप स्पिन को 4- 1 हराया। टीम फैमिलिया ने टॉपस्पिन टाईटन को 4- 1 हराया। टीम एस ने कोर्ट किंग को 4- 1 से हराया। बसेलाइन बीस्ट ने सैंटियागो स्मैशर्स को 3- 2 हराया। कोर्ट कांकरोर्स ने वी स्ट्राइकर्स को 3 -2 हराया। शेष मैच एवं फाइनल मुकाबले रविवार 6 जुलाई को खेले जायेगे।

### जिला बैडमिंटन स्पर्धा के अंडर 19 के पहले दौर के मुकाबले

**रायपुर।** रायपुर जिला बैडमिंटन संघ की ओर से सब जूनियर व जूनियर वर्ग की स्पर्धा सप्रे शाला में जारी है। जिसमे 4 जुलाई को खेले गए मुकाबले में 19 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल प्रथम दौर के परिणाम प्राप्त हो चुके है। हिमांश राठे ने ऋत्विक चौरड़िया को 15-7,15-13 से ,समर्थ सिंह ने कृपाल छगनी को 15-6,15-6 से, मयंक साहू ने पार्थ पटेल को 15-6,15-10 से, राघव तिवारी ने विवेक जैन को 7-15,15-13,15-7 से , हिमांशु रामचंदनी ने केशव अग्रवाल को 15-5,15-6 से हराया।



## डायबिटीज आज वैश्विक स्वास्थ्य चुनौती

# डायबिटीज के मरीजों को भूलकर भी नहीं करनी चाहिए ऐसी गलतियां, होगी मुश्किल

डायबिटीज के मरीजों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इसमें शरीर में ब्लड शुगर का लेवल अनियंत्रित हो जाता है। भारत में तो यह स्थिति और भी गंभीर है, जहां लगभग 10 करोड़ लोग इस बीमारी से प्रभावित हैं। जिन लोगों को डायबिटीज की शिकायत है उन्हें इस बीमारी को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने की जरूरत है। इसके लिए उन्हें संतुलित आहार लेना चाहिए, नियमित व्यायाम और एक सही जीवनशैली अपनाना चाहिए।





हालांकि अक्सर जाने-अनजाने में कुछ आम गलतियां हो जाती है जो ब्लड शुगर लेवल को अनियंत्रित कर सकती हैं और दीर्घकालिक स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती हैं। ये गलतियां न केवल दवाइयों के प्रभाव को कम करती हैं, बल्कि जटिलताओं के खतरे को भी बढ़ा देती हैं। इसलिए मधुमेह प्रबंधन में इन गलतियों को समझना और उनसे बचना अत्यंत महत्वपूर्ण है। आइए इस लेख में हम ऐसे ही चार प्रमुख गलतियों के बारे में विस्तार से जानते हैं जिनसे डायबिटीज रोगियों को बचना चाहिए।

### चीनी युक्त भोजन का अधिक सेवन



डायबिटीज रोगी अक्सर भोजन का समय मिठाइयां, कोल्ड ड्रिंक और प्रोसेस्ड फूड खा लेते हैं। यह ब्लड शुगर लेवल को तेजी से बढ़ाता है। हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले खाद्य पदार्थ, जैसे सफेद चावल और मैदा खाने से बचें। इसके बजाय, जामुन, सेब, साबुत अनाज और फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ खाएं। रोजाना एक निश्चित समय पर भोजन करें और छोटे-छोटे अंतराल में भोजन लें।

### व्यायाम की अनदेखी

नियमित व्यायाम डायबिटीज प्रबंधन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन कई लोग इसे नजरअंदाज करते हैं। बिना शारीरिक गतिविधि के ब्लड शगर लेवल बढ़ता है और इंसुलिन सेंसटिवीटी कम होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, सप्ताह में कम से कम 150 मिनट मध्यम तीव्रता का व्यायाम, जैसे तेज सैर या योग, करें। यह रक्त शर्करा को नियंत्रित करता है और वजन प्रबंधन में मदद करता है।

### दवाओं या इंसुलिन का अनियमित सेवन

कुछ डायबिटीज रोगी दवाओं या इंसुलिन का समय पर सेवन नहीं करते, जो खतरनाक हो सकता है। यह हाइपोग्लाइसीमिया (कम शुगर) या हाइपरग्लाइसीमिया (उच्च शुगर) का कारण बनता है। हमेशा डॉक्टर की सलाह के अनुसार दवाएं लें और शुगर लेवल की नियमित जांच करें। यदि दवा का समय भूल जाएं, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

### तनाव और नींद की कमी

तनाव और अपर्याप्त नींद कोर्टिसोल हार्मोन को बढ़ाते हैं, जो ब्लड शुगर लेवल को प्रभावित करता है। डायबिटीज रोगी अक्सर तनाव और नींद की कमी को हल्के में लेते हैं, ये नुकसानदायक हो सकता है। रोजाना 7-8 घंटे की नींद लें और तनाव कम करने के लिए ध्यान, योग या गहरी सांस लें। स्क्रीन टाइम कम करें और सोने से पहले शांत वातावरण बनाएं।

### बचाव

डायबिटीज रोगी नियमित भोजन, व्यायाम, दवाओं का समय पर सेवन और तनाव प्रबंधन पर ध्यान दें। डाइट में जामुन, पपीता और हरी सब्जियां शामिल करें। रोजाना 2-3 लीटर पानी पिएं और तले-भुने खाद्य पदार्थों से बचें।



# वर्कआउट को लेकर अपना अनुशासन खुद तय करें, रहेंगे हमेशा सेहतमंद



हम सभी को पता है कि स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। ऐसे में बहुत से लोगों के मन में सवाल आता है कि एक सप्ताह में कम से कम कितने देर व्यायाम करना चाहिए। आइए जानते हैं इस बारे में।

नियमित व्यायाम स्वस्थ जीवन का आधार है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक तनाव को कम करने, हृदय रोगों से बचाव और ऊर्जा बढ़ाने में भी मदद करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अन्य स्वास्थ्य संगठनों के दिशानिर्देशों के अनुसार, वयस्कों को सप्ताह में कितनी देर और किस प्रकार का व्यायाम करना चाहिए, यह समझना जरूरी है।

### क्या कहता है विश्व स्वास्थ्य संगठन?



विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 18-64 वर्ष के वयस्कों को सप्ताह में कम से कम 150 मिनट मध्यम तीव्रता (मॉडरेट इंटेंसिटी) वाले एरोबिक व्यायाम करने चाहिए। इसे सप्ताह में 4-5 दिन में बांटा जा सकता है, जैसे रोजाना 30 मिनट तेज टहलना या साइकिलिंग करना। इसके अलावा, सप्ताह में कम से कम 2 दिन मांसपेशियों को मजबूत करने वाले व्यायाम, जैसे वेट लिफ्टिंग या बॉडी वेट एक्सरसाइज, करनी चाहिए। ये व्यायाम हृदय स्वास्थ्य, मांसपेशियों की ताकत और हड्डियों को मजबूत करने में मदद करते हैं।

### फायदे


नियमित व्यायाम से हृदय रोग, टाइप-2 मधुमेह, और कुछ कैंसर का जोखिम कम होता है। यह रक्तचाप को नियंत्रित करता है, वजन प्रबंधन में मदद करता है और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। एक अध्ययन के अनुसार, सप्ताह में 150-300 मिनट मध्यम व्यायाम करने से हृदय रोग से मृत्यु का खतरा 25% तक कम हो सकता है। इसके अलावा, मांसपेशियों को मजबूत करने वाले व्यायाम हड्डियों को मजबूत करते हैं और लंबे समय तक मांसपेशियों को मजबूत बनाए रहते हैं।

### शुरुआत कैसे करें

अगर आप व्यायाम शुरू करने जा रहे हैं तो धीरे-धीरे शुरू करें। शुरुआत में रोजाना 10 मिनट टहलें और धीरे-धीरे समय और तीव्रता बढ़ाएं। अगर आप किसी गंभीर बीमारी की दवा खा रहे हैं तो डॉक्टर से सलाह लेकर ही व्यायाम शुरू करें।

### सावधानियां

इस बात का विशेष ध्यान रखें कि सप्ताह में 1-2 दिन जरूर आराम करें ताकि मांसपेशियां आराम कर सकें। इन सब के साथ संतुलित आहार लें, पर्याप्त नींद लें, दिनभर में 2-3 लीटर पानी पीएं। यदि स्वास्थ्य समस्याएं गंभीर हों, तो डॉक्टर से परामर्श लें।



# घर के किस कोने में लगाएं कामधेनु की तस्वीर, आपके लिए जानना जरूरी



कहा जाता है कि कामधेनु गाय की तस्वीर को घर पर लगाना शुभ होता है। आप अगर घर में कामधेनु गाय को रखते हैं, तो इससे घर में बरकत बनी रहेगी। लेकिन इस बार आप इसे घर में रखने की बजाए घर की दीवार पर लगाएं। इससे आपके घर में सकारात्मकता बनी रहती है। पंडित जन्मेश द्विवेदी से जानते हैं इनकी तस्वीर को घर की किस दिशा में लगानी चाहिए।

### इस कोने में लगाएं कामधेनु गाय की तस्वीर

आपके घर में सकारात्मकता बनी रहे। इसके लिए आप कामधेनु गाय को उत्तर पूर्व दिशा में इस तस्वीर को लगाएं। घर की यह सबसे ज्यादा पवित्र दिशा मानी जाती है। यह दिशा भगवान शिव और देवताओं से जुड़ी होती है। कामधेनु गाय की तस्वीर या मूर्ति यहीं लगाने से घर में धन और शांति का वास होता है।

### पूजा के घर में लगाएं कामधेनु गाय की तस्वीर


अगर आपके घर में अलग से पूजा का घर है, तो उसकी उत्तर या पूर्व की दीवार पर कामधेनु की तस्वीर लगा सकते हैं। इससे पूजा का प्रभाव बढ़ता है और धार्मिक ऊर्जा मजबूत होती है। साथ ही, आपके रुके हुए कार्य भी आसानी से हो जाएंगे। इसलिए आप मंदिर की इस दीवार पर कामधेनु गाय की तस्वीर को जरूर लगवाएं।

### इन जगहों पर कामधेनु तस्वीर को लगाने से बचे

आप इस तस्वीर को बाथरूम, स्टोर रूम या सीढ़ियों के नीचे न लगाएं। इससे घर में नेगिटिविटी तस्वीर या मूर्ति न लगाएं। रसोई घर में भी इसे तस्वीर को नहीं लगाना चाहिए। क्योंकि रसोई में अग्नि तत्व होता है। इससे आपके ऊपर असर नेगेटिव पड़ सकता है। तस्वीर फर्श पर न रखें, हमेशा ऊंचाई पर लगाएं रखें।

कामधेनु गाय की तस्वीर घर में लगाना धन, सुख और शांति बनाए रखता है, लेकिन उसे सही दिशा में लगाना बेहद जरूरी है। उत्तर-पूर्व दिशा या पूजा स्थल में इसे स्थापित करें। इसकी नित्य पूजा पाठ करें। साथ ही, आप चाहें तो गाय की तस्वीर के पास एक छोटी सी गुल्लक रखें। इसमें गाय के नाम से कुछ पैसे डालें, ताकि आप गाय के नाम से दान कर सके।

# मिलावट को कहें बाय-बाय, घर पर आसानी से बनाएं शुद्ध देसी घी



सेहत के लिए देसी घी का सेवन काफी अच्छा माना जाता है। डॉक्टर भी बड़ों से लेकर बच्चों तक को घी खाने की सलाह देते हैं, क्योंकि ये शरीर की कई परेशानियों को दूर करने का काम करता है। आपको घर पर देसी घी बनाने की विधि के बारे में जरूर जानना चाहिए।


### घर पर देसी घी बनाने का सामान

घर पर यदि आप बिना मिलावट वाला घी तैयार करना है, तो उसके लिए आपको सिर्फ दो चीजों की जरूरत होती है। इसमें एक है कम से कम आधा किलो मलाई और ठंडा पानी। इन दोनों चीजों की मदद से आप घर पर घी तैयार कर सकते हैं।

### विधि

अब जानते हैं कि ये घी कैसे बनता है। तो इसके लिए सबसे पहले तो कम से कम 15 दिन तक आपको मलाई जमा करनी है। ध्यान रखें कि ये मलाई ज्यादा पुरानी न हो। इसे फ्रिज में ही जमा करके रखें। जब ये इकट्ठा हो जाए तो बारी आती है घी बनाने की। घी बनाने से पहले थोड़ी देर पहले इसे फ्रिज से निकालकर बाहर रख दें।

इसके बाद मलाई को एक बड़े से गहरे बर्तन में डाल लें। अब इसे मथनी से मथकर मक्खन निकालें। यदि मथनी चलाना नहीं आता है तो मिक्सी में डालकर ब्लैंड करें। इसमें थोड़ा-थोड़ा ठंडा पानी डालें और लगातार चलाएं। कुछ मिनट में मक्खन ऊपर तैरने लगेगा और नीचे मट्ठा (छाछ) रह जाएगा। अब मक्खन को छानकर अलग निकाल लें।इसके बाद बारी आती है मक्खन से घी बनाने की तो उसके लिए एक भारी तले वाली कढ़ाई या गहरे बर्तन में मक्खन डालें और धीमी आंच पर पकाना शुरू करें। इस दौरान धीरे-धीरे मक्खन पिघलने लगेगा और झाग बनने लगेगा।

















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ब्रैड पिट के घर में संदिग्धों ने की तोड़फोड़ और कीमती समान लेकर हो गए फरार

हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट इस समय अपनी फिल्म 'एफ 1' से चर्चा में हैं। पता चल रहा है कि ब्रैड पिट के लॉस एंजिलस स्थित घर पर कुछ संदिग्धों ने तोड़फोड़ की और सामान लेकर लॉस एंजिल्स पुलिस विभाग ने पुष्टि करते हुए बताया कि लॉस एंजिल्स के लॉस फेलिज पड़ोस में स्थित आवास नॉर्थ एजमोंट स्ट्रीट के 2300 ब्लॉक पर चोरी हुई है। इसके साथ ही एक पुलिस अधिकारी ड्रेक मैडिसन ने कहा कि तीन संदिग्धों ने घर की सामने की खिड़की से घर में घुसकर तोड़फोड़ की और सामान लेकर भाग गए। हालांकि, उन्होंने सार्वजनिक रूप से पुष्टि नहीं की है कि यह घर ऑस्कर विजेता अभिनेता ब्रैड पिट का है । चोरी हुई चीजों के बारे में अभी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया है कि घर का मालिक कौन था या घर में कौन रहता था, इसकी कोई जानकारी नहीं हैं। लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक कहा जा रहा है कि ये चोरी ब्रैड पिट के घर पर हुई है। आपको बताते चलें कि इस समय अभिनेता अपने घर पर मौजूद नहीं हैं, क्योंकि वह अपनी फिल्म 'एफ 1' के प्रचार-प्रसार के लिए देश से बाहर गए हुए हैं।



जोसेफ कोसिंस्की द्वारा निर्देशित 'एफ1' में ब्रैड पिट के साथ डैमसन इदरीस प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। फिल्म में मैक्स वर्स्टैपेन, फर्नांडो अलोंसो, लुईस हैमिल्टन, कार्लोस सैन्ज, एस्टेबन ओकन, जॉर्ज रसेल, लांस स्ट्रोल, लैंडो नॉरिस और चार्ल्स लेक्लर सहित कई रियल लाइफ के फॉर्मूला 1 सितारे इस फिल्म में कैमियो करते नजर आए हैं। यह फिल्म आज यानी 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है।

### टॉलीवुड

## निर्माताओं ने शेयर किया 'कुली' से आमिर का कूल लुक, दाहा के किरदार से जीतेंगे दिल

निर्देशक लोकेश कनगराज की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कुली' से आमिर खान का लुक सामने आ चुका है। इस लुक में आमिर बेहद कूल स्टाइल में नजर आ रहे हैं। रजनीकांत की पैन इंडिया एक्शन फिल्म 'कुली' में आमिर खान के होने की बात सामने आ रही थी। वहीं आज निर्माताओं ने आमिर के दमदार लुक के साथ फिल्म 'कुली' से उनका लुक रिवील कर दिया है। आज फिल्म 'कुली' के निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर आमिर खान का दमदार लुक शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। इस नए लुक के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'कुली की दुनिया से आमिर खान को दाहा के रूप में पेश करते हुए। कुली 14 अगस्त से दुनिया भर के आईमैक्स स्क्रीन पर छाने के लिए तैयार है।'



साउथ सुपरस्टार रजनीकांत फिल्म 'कुली' में नजर आएंगे। कुली एक तमिल भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन लोकेश कनगराज ने किया है। कलानिधि मारन की सन पिक्चर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में रजनीकांत के साथ अलावा नागार्जुन, उपेंद्र, सौबिन शाहिर, सत्यराज, श्रुति हासन, आमिर खान, रेबा मोनिका जॉन, जूनियर एमजीआर, मोनिशा ब्लेसी और काली वेंकट नजर आएंगे। कुली दुनिया भर में 14 अगस्त 2025 को रिलीज होने वाली है। इन दिनों आमिर खान अपनी फिल्म ₹सितारे जमीन पर₹ को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 20 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। वह अब जल्द ही लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित फिल्म ₹कुली₹ में रजनीकांत के साथ भी नजर आएंगे। इसके अलावा वह सनी देओल अभिनीत और राजकुमार संतोषी द्वारा निर्देशित ऐतिहासिक फिल्म ₹लाहौर 1947₹ के निर्माता भी हैं।

### छॉलीवुड

## नवल दास के गीत-संगीत से सजी छत्तीसगढ़ी द्वादश ज्योतिर्लिंग मोर महादेव 25 को रिलीज

राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित फिल्म साउंड ऑफ वाटर के निर्माता श्रवण कुमार राठौर अब दर्शकों के लिए छत्तीसगढ़ी फिल्म ₹द्वादश ज्योतिर्लिंग मोर महादेव₹ लेकर आ रहे हैं। आगामी 25 जुलाई को यह फिल्म संपूर्ण छत्तीसगढ़ में रिलीज हो रही है। इसे पंडित प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले का भी आर्शीवाद मिला है, उन्हीं के हाथों फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया गया और उन्हें फिल्म से संबंधित संपूर्ण जानकारी दी गई। इस फिल्म की खास बात यह है कि इसमें दर्शकों को 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन होंगे साथ ही एक पारिवारिक कहानी और सुमधुर गीत संगीत का भी आनंद मिलेगा। इस फिल्म का निर्माण डी.सी. फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले किया गया है। ऐसे तो इस फिल्म में ढेर सारे कलाकारों ने अभिनय किया है लेकिन मुख्य भूमिका सुपर स्टार प्रकाश अवस्थी, नैनी तिवारी, श्रवण कुमार राठौर ने निभाई है। इनके अलावा फिल्म में योगेश अग्रवाल, डॉ अजय सहाय, संतोष जैन, नवलदास मानिकपुरी, अखिलेश वर्मा, संजय तेलंग, मुस्कान चौहान एवं संतोष प्रकृति ने भी अभिनय किया है तथा फिल्म में अरुण जॉनसन (तम्बी) एवं स्व. जसबीर कोमल ने क्रियेटिव डायरेक्टर के रूप में कार्य किया है। फिल्म को गीत-संगीत से नवल दास मानिकपुरी एवं स्वं जसबीर कोमल ने सजाया है। संगीत संयोजन पं. विवेक नीलेश शर्मा का है। तथा फिल्म में 8 गाने है जो भक्ति स्वरूप एवं आरती के रूप में आपको सुनाई देंगे। फिल्म में ढेर सारे देवी देवताओं के गेट अप में छत्तीसगढ़ के कलाकार नजर आएंगे यह उनके लिए एक सुखद क्षण होगा जब वह अपने आप को देवी देवताओं के रूप में पर्दे पर देखेंगे।






नई दिल्ली में इंडिया कॉउचर फैशन वीक में जलवा दिखाते मॉडल गौरव गुप्ता, रिमज़िन डैडी, राहुल मिश्रा और ईशा जे की डिजाइन चर्चा में रही। रचनात्मकता, विलासिता और सांस्कृतिक विरासत के शानदार उत्सव में ट्रेडिशन और इनोवेशन का काम्बिनेशन दर्शकों को देखने मिला। यहां जैसे ही पर्दा उठा, रनवे पर ऐसे डिज़ाइनों की धूम मच गई, जो भारत के समृद्ध इतिहास और समकालीन स्वभाव के बारे में बहुत कुछ बयां करते हैं।

## बादाम से आप भी चेहरे को बना सकती हैं खूबसूरत

अगर आप भी अपने चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखना चाहती है और स्किन प्रॉब्लम से बचना चाहती है, तो ब्यूटी एक्सपर्ट के बताएं इस खास होममेड बादाम स्क्रब को घर पर बनाकर ट्राई कर सकती हैं। मानसून के सीजन में अगर आप भी अपने चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखना चाहती है और स्किन प्रॉब्लम से बचना चाहती है, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको ब्यूटी एक्सपर्ट की मदद से होममेड बादाम स्क्रब के बारे में बताएंगे, जिसका इस्तेमाल कर आप अपने चेहरे पर जमी गंदगी को कम कर सकती हैं।

### बादाम का इस्तेमाल कर बनाएं स्क्रब

ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी ने बताया कि अधिकतर महिलाएं चेहरे पर होने वाली टैनिंग और पिंपल्स जैसी परेशानियों का सामना करती है, लेकिन अब आप बादाम का इस्तेमाल कर घर पर स्क्रब तैयार कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए आपको कुछ सामग्री की जरूरत लगेगी। इनमें बादाम ,सफेद तिल ,एसेंस ऑयल और जैस्मीन ऑयल शामिल हैं।

### बादाम से स्क्रब बनाने का तरीका -

अगर आप भी घर पर बादाम का इस्तेमाल कर स्क्रब बनाना चाहती हैं, तो सोने से पहले रात में 5 से 6 बादाम और थोड़ी सफेद तिल को एक पानी में भिगोकर रख दें। दूसरे दिन सुबह आप पानी के अलग कर बादाम और तिल को जार में डाल दें। अब आप इसे मिक्सर या ब्लेंडर की मदद से पीसकर पेस्ट बना ले। बादाम से बने इस पेस्ट के अंदर आप



एसेंस ऑयल डाल सकती हैं। आप चाहे तो जैस्मीन ऑयल भी इस्तेमाल कर सकती हैं। यह चेहरे के लिए बेस्ट फायदेमंद होता है। अगर आप बॉडी की टैनिंग हटाना चाहती है, तो इस स्क्रब को बॉडी पर 10 मिनट के लिए लगाकर रखें। अगर आप इसे चेहरे के लिए इस्तेमाल कर रही है, तो 5 मिनट तक इसे लगाकर रखें। उसके बाद हल्के हाथों से चेहरे को रब करें। स्क्रब का आप हफ्ते में दो बार इस्तेमाल कर सकती हैं। स्क्रब का इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें।अगर आपको किसी तरह की कोई एलर्जी होती है, तो डर्मेटोलॉजिस्ट या एक्सपर्ट की राय जरुर ले।

## फ्रॉक पैटर्न की कुर्ती डिजाइन खूब खिलेगी कॉलेज गर्ल्स पर



अगर आप सावन के महीने में पहनने के लिए आउटफिट तलाश रही है, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप कम खर्च में खूबसूरत फ्रॉक पैटर्न कुर्ती ट्राई कर सकती है।

कॉलेज जाने वाली अधिकतर लड़कियों के मन में हमेशा आउटफिट को लेकर कन्फ्यूजन बना रहता है। रोजाना एक जैसे कपड़े पहनकर जाने से कुछ लड़कियों को शर्मिंदगी महसूस हो सकती है। ऐसे में अगर आप सावन के महीने में पहनने के लिए आउटफिट तलाश रही है, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप कम खर्च में खूबसूरत फ्रॉक पैटर्न कुर्ती ट्राई कर सकती है।

### पिंक कलर प्रिंटेड फ्रॉक पेटर्न कुर्ती



सावन के महीने में आप अपने कॉलेज में इस खूबसूरत पिंक कलर प्रिंटेड फ्रॉक पेटर्न कुर्ती को ट्राई कर अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेर सकती हैं। इस तरह की कुर्ती आपको ऑनलाइन मिल जाएगी या आप बाजार से कपड़ा लेकर टेलर की मदद से इसे बनवा भी सकती है। इस कुर्ती के साथ आप वाइट कलर का प्लाजो या पैंट शामिल कर सकती है।

### व्हाइट कलर प्रिंटेड फ्रॉक पेटर्न कुर्ती

यही नहीं अगर आप सावन सोमवार के दिन अपने कॉलेज में डिफरेंट लुक क्रिएट कर जाना चाहती है, तो पेंट, जींस या प्लाजो के साथ इस खूबसूरत व्हाइट कलर प्रिंटेड फ्रॉक पेटर्न कुर्ती को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की कुर्ती आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगी। इसके साथ आप मेकअप और एक्सेसरीज भी शामिल कर सकती हैं।

### रेड कलर फ्लोरल प्रिंट शॉर्ट कुर्ती



सावन के महीने में अगर आप अपनी खूबसूरती से अपने दोस्तों को खुश करना चाहती है या कॉलेज में डिफरेंट लुक क्रिएट करना चाहती है, तो आप इस खूबसूरत रेड कलर फ्लोरल प्रिंट शॉर्ट कुर्ती को ट्राई कर सकती है। इस तरह की कुर्ती को आप बनवा सकती है या ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं।

## पसीने की बदबू दूर करने घर पर बनाएं नेचुरल डिओडोरेंट और दिनभर रहें फ्रेश


बारिश का मौसम बहुत अच्छा लगता है, लेकिन इस दौरान नमी और उमस भी बढ़ जाती है। इसी उमस की वजह से हमें बहुत पसीना आता है और फिर पसीने से बदबू आने लगती है। ऐसे में महंगे परफ्यूम और डियोडोरेंट भी ज्यादा काम नहीं करते इसलिए, आज हम आपको घर पर ही नैचुरल डियोडोरेंट बनाने का तरीका बता रहे हैं।

### नैचुरल डियोडोरेंट क्यों बेहतर है?

घर पर बना नैचुरल डियोडोरेंट इस्तेमाल करने से न केवल बदबू से छुटकारा मिलता है, बल्कि यह आपकी स्किन के लिए भी फायदेमंद होता है। होममेड डियोडोरेंट में कोई केमिकल नहीं होता और यह ज्यादा देर तक असरदार रहता है। आप इसे सेंसिटिव स्किन पर भी लगा सकते हैं, इससे जलन नहीं होती। घर पर बना डियोडोरेंट सस्ता होता है और आप इसे बनाकर लंबे समय तक चला सकते हैं।

### बेकिंग सोडा और नारियल तेल का डियोडोरेंट

पसीने की बदबू दूर करने वाला बेकिंग



सोडाः 2 बड़े चम्मच,पसीने को सोखने वाला कॉर्नस्टार्चः 2 बड़े चम्मच स्किन को मॉइश्चराइज करने के लिए नारियल तेलः 3 बड़े चम्मच बैक्टीरिया मारने वाला टी ट्री ऑयलः 4–5 बूँदें हल्की और सुकून देने वाली ख़ुशबू के लिए लैवेंडर ऑयलः 4-5 बूंदें

कैसे बनाएंः सबसे पहले एक काँच की कटोरी में बेकिंग सोडा और कॉर्नस्टार्च मिलाएं। फिर, इसमें नारियल तेल डालकर अच्छी तरह मिलाएं। तब तक मिलाते रहें जब तक यह क्रीमी न बन जाए। आखिर में टी ट्री ऑयल और लैवेंडर ऑयल मिलाएं। इसके बाद इसे एक छोटे डिब्बे या हवा-बंद जार में भरकर रखें। रोजाना नहाने के बाद अंडरआर्म्स पर एक चुटकी लगाएं।

## बाजूबंद के डिजाइन लगा देंगे चार चांद

अगर आप सावन के महीने में आउटफिट के साथ कैसी एक्सेसरीज पहने इस बात को लेकर परेशान हैं, तो आज हम आपको कुछ ऐसे लेटेस्ट बाजूबंद डिजाइन बताएंगे, जिन्हें ट्राई कर आप अपने लुक को गॉर्जियस बना सकती हैं।

### फ्लोरल लटकन बाजूबंद डिजाइन

इस साल सावन के महीने को अगर आप यादगार बनाना चाहती हैं, तो किसी भी सोमवार के दिन पूजन के दौरान आप अपने साड़ी या सूट के साथ इस खूबसूरत फ्लोरल लटकन बाजूबंद डिजाइन को ट्राई कर सकती है।

ऐसी आर्टिफिशियल डिजाइन आपको ऑनलाइन मिल जाएगी या आप गोल्ड में इसे बनवा भी सकती हैं।

### फ्लोरल चैन बाजूबंद

यही नहीं अगर आप सावन के महीने में शिव अभिषेक के दौरान राजपूती पोशाक या लहंगा चोली पहन रही है, तो अब आप अपने आउटफिट को एलिगेंट टच देने के लिए इस खूबसूरत फ्लोरल चैन बाजूबंद को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह का बाजूबंद आपको रॉयल और क्लासी टच देने में मदद करेगा।



### मोर डिजाइन बाजूबंद

यही नहीं इन दोनों मोर डिजाइन वाले बाजूबंद भी बेहद चर्चा में है। अधिकतर महिलाओं को मोर वाली डिजाइन के बाजूबंद खूब पसंद आते हैं। ऐसे में आप इस साल सावन के महीने में पूजन के दौरान अपने आउटफिट के साथ इस खूबसूरत मोर डिजाइन वाले बाजूबंद को ट्राई कर सकती हैं। इसे पहनकर आप अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं।

### गुट्टापुसालु झालर बाजूबंद

इस साल सावन के महीने में अपने लुक को स्पेशल और डिफरेंट बनाने के लिए आप साड़ियां राजस्थानी ड्रेस के साथ इस खूबसूरत गुट्टापुसालु झालर बाजूबंद को शामिल कर सकती है। इस तरह के बाजूबंद आपके लुक को गॉर्जियस और एलिगेंट टच देने में मदद करेंगे।

**कार्नर न्यूज**

### बियर्ड ट्रिम करना हो तो बरतें सावधानी

## घर पर बियर्ड ट्रिम करते हुए हो जाए गलती तो इन टिप्स से लें मदद, खिल उठेगा आपका चेहरा

घर पर बियर्ड ट्रिमिंग करना कोई बड़ी बात नहीं है। लेकिन ऐसा करते हुए इसमें गलतियां कर देना बड़ी बात है। कुछ गलतियां तो इतनी बड़ी होती हैं कि आपका लुक ही बिगाड़ देती हैं। इसलिए जरूरी है कि कुछ आम गलतियों को पहचान लिया जाए। पहचान लिया जाए कि कौन सी गलतियां लोग आमतौर पर करते हैं ताकि आप वो गलती बिल्कुल न करें और आपका बियर्ड लुक न बिगड़ें। कौन-कौन सी हैं बियर्ड ट्रिमिंग से जुड़ी गलतियां जान लेते हैं।ट्रिमिंग



कब कर

ज्यादातर पुरुष बियर्ड के बहुत बढ़ जाने के बाद ही ट्रिमिंग करते हैं। और फिर इतना ट्रिम कर देते हैं कि लुक खराब लगने लगता है। जबकि बालों को ट्रिम करने के बाद बियर्ड की लंबाई कम से कम 1 सेंटीमीटर तक होनी चाहिए। इससे कम होने पर बियर्ड आपके चेहरे पर खराब दिखती है।

गर्दन और कलम के बाल

बियर्ड ट्रिम हो जाने के बाद अक्सर पुरुष कलम और गर्दन के बालों को ट्रिम करते ही नहीं हैं। जबकि ट्रिम बियर्ड तब ही सही लगती है जब कलम और गर्दन के पास भी इन्हें अच्छे से ट्रिम किया जाए। ऐसा करने के लिए ट्रिमर की सेटिंग थोड़ी कम करें। फिर जहां भी बाल ज्यादा हों ट्रिम कर दें।

### बहुत छोटी मूंछ

मूंछों को जरूरत से ज्यादा छोटा कर देना भी चेहरे के लुक को फुल मार्क्स नहीं मिलने देता है। इससे मूंछों का जुड़ाव दाढ़ी से टूट जाता है।इसलिए जरूरी है कि मूंछों को जरूरतभर ही ट्रिम किया जाए। मूंछों को उतना ही छोटा करें कि उसका जुड़ाव दाढ़ी से कम न हो। और दाढ़ी मूंछे आपस में जुड़ी रहें।

### होंठों के किनारे

मूंछें होंठों के किनारों पर अक्सर कम होती हैं। ट्रिम करते हुए इन बालों का ध्यान रखना पड़ता है। क्योंकि अगर पूरी मूंछ एक जैसी ट्रिम करेंगे तो इन किनारों पर और भी छोटी हो जाएगी।इसलिए ट्रिम करते हुए इन बालों को समानुपात में ही काटें। वरना दाढ़ी के साथ इस जगह के बाल बहुत कम होंगे और बुरे भी लगेंगे।

### बियर्ड की सफाई

जिस तरह से सिर के बालों की सफाई न करने पर इसमें गंदगी जम जाती है, फिर बालों की क्वालिटी पर इसका असर पड़ता है। ठीक वैसे ही दाढ़ी के बालों की सफाई न करने पर इसमें गंदगी जम जाती है और फिर इसका असर भी दिखने लगता है। दाढ़ी पर तो कई बार खाना भी गिर सकता है। इसलिए दाढ़ी के बालों की सेटिंग और स्टाइल पर ध्यान देने के साथ इसकी सफाई पर भी ध्यान दें।

